# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–284 । सागर, मंगलवार, 5 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन — पृष्ठ 3

▪ पर 2024 की कोई गारंटी नहीं है!
▪ भारतीय अर्थव्यवस्था विकास के पथ पर लेकिन नयी नौकरियां पैदा करने में असफल — पृष्ठ 4

▪ टीकमगढ़, खरगापुर में कांग्रेस और जतारा में भाजपा ने फहराया परचम — पृष्ठ 6

गुलाब मय हुआ सागर शहर, गोपाला जय गोपाला, गुलाब बाबा गोपाला — पृष्ठ 8


मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

# 2 गुटों के बीच गोलीबारी में 13 लोगों की मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। यह हिंसा राज्य के तेंगनोउपल जिले में हुई. यहां सोमवार दोपहर दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग में 13 लोगों की मौत हो गई।

एक अधिकारी ने बताया कि जिले के लेतीथू गांव के पास दो समूहों के बीच फायरिंग हुई. फायरिंग की सूचना मिलने पर हमारे सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे, जहां से हमने 13 शव बरामद किए। हमें शवों के पास से कोई हथियार नहीं मिले। सूत्रों का कहना है कि मृतक यहां के स्थानीय निवासी नहीं लग रहे. ऐसा लग रहा है कि ये लोग कहीं और से आए थे और फायरिंग में शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि, अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है. बता दें कि तीन दिसंबर को तेंगनोउपल जिले में कुकी–जो जनजातीय समूहों ने भारत सरकार और यूएनएलेफ के बीच हुए शांति समझौते का स्वागत किया था।

यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब रविवार को ही राज्य में सात महीने के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवाओं से प्रतिबंध हटा दिया गया था। हालांकि, कुछ जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में अब भी प्रतिबंध जारी है। मालूम हो कि इंटरनेट पर बैन 23 सितंबर को कुछ समय के लिए हटा लिया गया था, लेकिन 26 सितंबर को इसे फिर से शुरू कर दिया गया ताकि नफरत भरे भाषण और नफरत वाले वीडियो संदेशों को प्रसारित करने से रोकने में मदद मिल सके।

इसी रैली के दौरान आदिवासियों और गैर–आदिवासियों के बीच हिंसक झड़प हो गई. भीड़ को तितर–बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे. शाम तक हालात इतने बिगड़ गए कि सेना और पैरामिलिट्री फोर्स की कंपनियों को वहां तैनात किया गया।

मणिपुर में मैतेई समुदाय की आबादी 53 फीसदी से ज्यादा है. ये गैर–जनजाति समुदाय है। वहीं, कुकी और नगा की आबादी 40 फीसदी के आसापास है. राज्य में इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद मैतेई समुदाय सिर्फ घाटी में ही बस सकते हैं. मणिपुर का 90 फीसदी से ज्यादा इलाकी पहाड़ी है. सिर्फ 10 फीसदी ही घाटी है. पहाड़ी इलाकों पर नगा और कुकी समुदाय का तो घाटी में मैतेई का दबदबा है।

तीन मई को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने आदिवासी एकता मार्च निकाला। ये रैली चुरचांदपुर के तोरबंग इलाके में निकाली गई। ये रैली मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के खिलाफ निकाली गई थी. मैतेई समुदाय लंबे समय से अनुसूचित जनजाति यानी एसटी का दर्जा देने की मांग हो रही है।

मणिपुर में एक कानून है. इसके तहत, घाटी में बसे मैतेई समुदाय के लोग पहाड़ी इलाकों में न बस सकते हैं और न जमीन खरीद सकते हैं. लेकिन पहाड़ी इलाकों में बसे जनजाति समुदाय के कुकी और नगा घाटी में बस भी सकते हैं और जमीन भी खरीद सकते हैं. पूरा मसला इस बात पर है कि 53 फीसदी से ज्यादा आबादी सिर्फ 10 फीसदी इलाके में रह सकती है, लेकिन 40 फीसदी आबादी का दबदबा 90 फीसदी से ज्यादा इलाके पर है।

## वायुसेना का प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त, 2 पायलटों की मौत



**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर मेडक जिले के तूप्रान के पास सोमवार सुबह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का एक प्रशिक्षण विमन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो पायलटों की मौत हो गई। पिलाटस पीसी 7 एमके टू ट्रेनर विमान ने सुबह नियमित प्रशिक्षण उड़ान के लिए वायु सेना अकादमी, हैदराबाद से उड़ान भरी थी।

वायुसेना अधिकारियों ने बताया कि दोनों पायलटों में से एक प्रशिक्षक और एक प्रशिक्षु था। आईएएफ ने एक बयान में कहा, यह बेहद अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि एलएएफ पुष्टि करता है कि विमान में सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई हैं। किसी भी नागरिक जीवन या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इसमें कहा गया है कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है। विमान चट्टानों के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया और आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई। स्थानीय लोग दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया।

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू, प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

# हार का गुस्सा सदन में न निकाले

नकारात्मकता एवं नफरत छोड़ कर सकारात्मक विचार के साथ आएं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष का आज आह्वान किया कि वे संसद को पराजय का गुस्सा निकालने का मंच ना बनायें और नकारात्मकता एवं नफरत छोड़ कर सकारात्मक विचार के साथ आये और देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए जनता की आकांक्षा को पूरा करने में सहयोग करें।

श्री मोदी ने यहां संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के पहले संसद भवन परिसर में मीडिया को दिये अपने वक्तव्य में चार राज्यों के चुनावी परिणामों को नकारात्मकता के विरुद्ध जनादेश बताते हुए कहा, कल ही चार राज्यों के चुनाव नतीजे आए हैं। बहुत ही उत्साहवर्धक परिणाम आए हैं। ये उनके लिए उत्साहवर्धक हैं, जो देश के सामान्य मानवी के कल्याण के लिए, देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, सभी समाजों और सभी समूहों की महिलाएं, युवा, हर समुदाय और समाज के किसान और मेरे देश के गरीब।

ये चार ऐसी महत्वपूर्ण जातियां हैं जिनके सशक्तिकरण, उनके भविष्य को सुनिश्चित करने वाली ठोस योजनाएं और अंतिम व्यक्ति तक पहुंच के उसूलों पर जो चलता है, उन्हें भरपूर समर्थन मिलता है। उन्होंने कहा कि इतने उत्तम जनादेश के बाद आज हम संसद के इस नए मंदिर में मिल रहे हैं। जब इस नए परिसर का उद्घाटन हुआ था, तो उस समय एक छोटा सा सत्र था और एक ऐतिहासिक निर्णय हुआ था। लेकिन इस बार लंबे समय तक इस सदन में कार्य करने का अवसर मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि देश ने नकारात्मकता को नकारा है। सत्र के प्रारंभ में विपक्ष के साथियों के साथ हमारा विचार विमर्श होता है, सबके सहयोग के लिए हम हमेशा आग्रह करते हैं। इस बार भी ये सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

## राज्यसभा के उप सभापति पैनल का पुनर्गठन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन के उप सभापति पैनल का पुनर्गठन करने की घोषणा की। श्री धनखड़ ने सदन में कहा कि उप सभापति पैनल का पुनर्गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की फूलो देवी नेताम, भारतीय जनता पार्टी की एस फांगनॉन कोन्याक, श्रीमती दर्शना सिंह, डॉ. सोनल मानसिंह, बीजू जनता दल के डॉ. सस्मित पात्रा, वाईएसआरसीपी के वी विजयसाई रेड्डी, तृणमूल कांग्रेस के सुखेन्दु शेखर राय और निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा को उप सभापति पैनल में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नया पैनल तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## आप सांसद राघव का निलंबन रद्द

आम आदमी पार्टी के निलंबित राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को बडी राहत मिली है। सभापति जगदीप धनकड ने 115 दिनों के निलंबन के बाद उनकी संसद सदस्यता बहाल कर दी है। राघव चड्ढा ने इस फैसले पर खुशी जताते हुए खुद इसकी जानकारी दी और बताया कि उनका निलंबन रद्द हो गया है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र के दौरान गत 11 अगस्त को उन्हें राज्यसभा से निलंबित किया गया था। सदस्यता बहाल होने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट व सभापति धनकड के प्रति आभार जताया। मालूम हो कि मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह विशेष तौर पर संसद का मसला है। हालांकि शीर्ष न्यायालय ने राज्यसभा सचिवालय को नोटिस जारी करते हुए सलाह दिया था कि चड्ढा सभापति जगदीप धनकड से माफी मांगे और वे बडा दिल दिखाते हुए मामले को खत्म कर दें। बतादें कि सोमवार को राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति की सोमवार को बैठक हुई। इसमें आप सांसद राघव चड्ढा की सदस्यता बहाल करने का निर्णय लिया गया। इसके चलते अब वे आज से शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं।

भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर किया मंथन

# मप्र में शिवराज, राजस्थान में वसुंधरा को फिर मिल सकती है कमान





**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मिली जीत के बाद भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व इन राज्यों में नई सरकार की जमावट के लिए जुट गया है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान में वसुंधरा राजे को को कमान सौंपे जाने की चर्चा है। इन चुनावों में मिली भारी जीत को पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए मुफीद मान रही है। विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इन राज्यों में पार्टी को मिली सफलता 2024 की गारंटी है। इससे साफ है कि राज्यों में सरकार के नेतृत्व को लेकर इसी आधार पर निर्णय लिए जाएंगे कि अगले साल लोकसभा चुनाव फतह करना है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह को भावी मुख्यमंत्रियों को लेकर अपनी राय दे दी है। इसके बाद श्री शाह ने आज पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की है।

भाजपा ने इन तीनों ही राज्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे और सामूहिक नेतृत्व पर चुनाव लड़ा था। भाजपा को इन चुनावों में खासी सफलता मिली। इसके बाद अब पार्टी नेतृत्व को राज्यों के मुख्यमंत्रियों का चयन करना है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने मुख्यमंत्रियों के नाम तय कर लिए हैं। पर्यवेक्षकों के ऐलान और विधायक दल की बैठकों में इनका औपचारिक रूप से नाम तय किया जाएगा। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक बार फिर राज्य की बागडोर सौंपी जाएगी। वहीं राजस्थान में वसुंधरा राजे या केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल को कमान सौंपी जाएगी।

हालांकि यहां वसुंधरा राजे का सबसे आगे बताया जा रहा है। हालांकि मध्यप्रदेश और राजस्थान को लेकर यहां तक कहा जा रहा है कि श्री चौहान और वसुंधरा राजे के नाम तय कर लिए गए हैं। मध्यप्रदेश में भाजपा ने एक रणनीति के तहत 7 सांसदों और 3 केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतारा था। यह प्रयोग भी प्रदेश में सफल रहा है। किंतु पार्टी का आकलन है कि शिवराज सरकार की लाड़ली बहना जैसी लोकप्रिय योजना का पार्टी की इस जीत में बड़ा योगदान है। श्री चौहान को विधानसभा चुनाव में चेहरा नहीं बनाने से इस कयास को बल मिला था कि जीत की स्थिति में भाजपा किसी नए चेहरे को नेतृत्व सौंपेगी। लेकिन लोकसभा चुनाव तक पार्टी कोई जोखिम उठाना नहीं चाहती है। वहीं छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और पूर्व नौकरशाह ओपी चौधरी के नामों की चर्चा है।

### यह भी हैं दावेदार

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री पद के लिए श्री चौहान के अलावा केन्द्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल और प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा भी प्रबल दावेदार हैं। चर्चा यह भी है कि शिवराज को कमान देकर 2 उपमुख्यमंत्री भी बनाए जा सकते हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट से मिली जानकारी

# दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 2022 की रिपोर्ट जारी कर दी है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है। यहां 2022 में एक दिन में 3 दुष्कर्म के मामले दर्ज किए गए।

रिपोर्ट में बताया कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4 लाख 45 हजार 256 केस दर्ज किए गए, यानी हर घंटे लगभग 51 प्राथमिकी दर्ज हुईं। 2021 में यह आंकड़ा 4 लाख 28 हजार 278 था। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 की तुलना में महिला अपराधों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं 2022 में 28 हजार 522 मर्डर केस दर्ज हुए यानी हर दिन 78 हत्याएं हुईं। देश में बच्चों, अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और साइबर क्राइम बहुत ज्यादा बढ़े हैं। एनसीआरबी रिपोर्ट में सामने आया है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसदी से बढ़कर 2022 में 66 फीसदी हो गई है। इसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48 हजार 755 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 (43 हजार 414 केस) की तुलना में 12.3 फीसदी ज्यादा हैं। 2022 में महिला अपराध में 65 हजार 743 मामलों के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। इसके बाद महाराष्ट्र (45331 केस) और राजस्थान (45058 केस) पश्चिम बंगाल (34738 केस) और मध्य प्रदेश (32765 केस) का नंबर हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय दंड संहिता और विशेष और स्थानीय कानून के तहत रजिस्टर्ड क्राइम में कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रति लाख जनसंख्या पर रजिस्टर क्राइम रेट 2021 में 445.9 से घटकर 2022 में 422.2 हो गए हैं। 2022 में 58 लाख 24 हजार 946 अपराध दर्ज किए गए, जिनमें 35 लाख 61 हजार 379 भारतीय दंड संहिता और 22 लाख 63 हजार 567 विशेष और स्थानीय कानून अपराध शामिल हैं। 2021 में यह आंकड़ा 60,96,310 रजिस्टर्ड केस का था।

### महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 4 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों में उललेखनीय वृद्धि दर्ज की है, 2022 में कुल 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले वर्ष दर्ज किए गए 4,28,278 मामलों की तुलना में चार फीसदी ज्यादा है। एनसीआरबी के अनुसार, 2022 में देशभर में लगभग 250 महिलाएं हत्या–सह–दुष्कर्म/सामूहिक दुष्कर्म की शिकार हुईं।

### 10 हजार छात्रों ने की आत्महत्या

रिपोर्ट में सामने आया है कि 2022 में 18 साल से कम उम्र के 10 हजार 295 बच्चों ने आत्महत्या की। इनमें लड़कों की संख्या 4616 थी, जबकि लड़कियों की संख्या 5588 थी।




# महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन




**सागर, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय आर्ट एंड कॉमर्स में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्रा इकाई एवं आवाज संस्था भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि न्यायाधीश रीना शर्मा के मुख्य अतिथ्यि में योगेश बंसल, जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं मालती पटेल जिला समन्वयक आवाज संस्था के विशिष्ट अतित्थ्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ मे सभी अतिथियों एवं प्राचार्य का स्वागत किया। इसके उपरांत जिला समन्वयक मालती पटेल द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को कार्यशाला की संवेदनशीलता से अवगत कराया, सभी अतिथियों के आगमन एवं वक्तव्य का लाभ लेकर अपने जीवन में उसको स्वीकार कार्यशाला को सफल बनाने के संदेश के साथ अपनी वाणी को विराम दिया। अतिथि योगेश बंसल ने कार्यशाला में संबोधित करते हुए शासन की निःशुल्क विधिक सहायता संबंधी राष्ट्रीय विधिक सेवा किस प्रकार हर स्तर पर निर्धन एवं कमजोर वर्ग की लोगों को निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान करने हेतु व्यवस्था की गई है। लोकायुक्त अदालत के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि न्यायधीश रीना शर्मा ने कहा कि महिलाओं के साथ हिंसा को रोकने में पुरुषों की क्या भूमिका है जो कार्यशाला में उपस्थित युवा हैं उनकी क्या भूमिका है इसी के साथ 498ए और महिलाओं के विरुद्ध होने वाली विभिन्न प्रकार की हिंसाओं पर अपना वक्तव्य रखा एवं युवा साथियों से आगे कैरियर संबंधी प्रश्न पूछने का भी अवसर दिया। कार्यक्रम का आभार राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठन डॉ. संगीता मुखर्जी द्वारा व्यक्त किया गया एवं उपस्थित प्रतिभागियों को अवश्य इसका लाभ मिलेगा एवं आगामी समय में इस तरह की कार्यशाला होती रहे और सभी मंचासीन अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से मधु स्थापक, डॉ. अमर कुमार जैन जिला नोडल अधिकारी, इमराना, प्रतिभा जैन, सुचिता अग्रवाल एवं अन्य समस्त स्टाफ सहित लगभग 237 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## मतगणना स्थल के बैरिकेड तोड़कर भागा वाहन, प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया

**सागर, देशबन्धु।** बहेरिया थाना क्षेत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज में बने विधानसभा चुनाव के मतगणना स्थल पर रविवार को मतगणना के दौरान एक वाहन चालक बैरिकेड तोड़ते हुए भाग गया। पुलिस ने रोका तो गालीगलौज की। सूचना पर पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बांधा समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार को विधानसभा चुनाव की मतगणना व्यवस्था ड्यूटी के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज के पास गेट नंबर दो पर सिविल लाइन थाना प्रभारी आनंद सिंह समेत अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगी थी। गेट नंबर दो से वाहन की आवाजाही प्रतिबंधित थी। इसी दौरान बोलेरो क्रमांक एमपी 15 सीए 1361 तेज रफ्तार में आई। जिसके चालक को ड्यूटी पर तैनात पुलिस ने रोका। लेकिन चालक ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए वाहन नही रोका और गालीगलौज कर गाड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर लेकर भाग गया। जिस पर पुलिस ने तत्काल आगे ड्यूटी पर लगे गार्ड को सूचना दी और बैरिकेड लगाने का बोला। उसने गाड़ी रोकने के लिए सड़क पर बैरिकेड लगाये तो आरोपी वाहन चालक बैरिकेड तोड़ते हुए भाग गया। घटना में पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर बोलेरो वाहन को पकड़ा। वाहन में शैलेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी बम्होरी, छोटू उर्फ विश्वजीत पुत्र रामेश्वर राजपूत निवासी पातीखेड़ा और एक अन्य व्यक्ति सवार था। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।


## तुम वर्तमान को सुधार लो, तो तुम्हारा भूत और भविष्य नियम से ठीक हो जाएगा: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** मनुष्य कल कल कर रहा है कोई आने वाले कल को ठीक करने में लगा है तो कोई कल को ठीक करना चाहता है। अरे कल कल करके कल कला भूमि में मत जाओ, तुम वर्तमान को ठीक कर लो तो तुम्हारा भूत और भविष्य नियम से ठीक हो जाएगा यह उद्गार मुनिश्री सदत्त सागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा संत तो नदी के समान बहते रहते हैं तो स्वच्छ बने रहते हैं। तालाब स्थिर तो पानी गंदा हो जाता है। संत का काम साधना व ज्ञान बांटना है और श्रावक ज्ञान के महायज्ञ में सेवा, आराधना से जुड़कर धर्म की प्रभावना करता है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया श्री आदिनाथ जैन मंदिर बड़कुल कटरा बाजार की समिति ने मुनि संघ के चरणों में श्रीफल समर्पित कर निवेदन किया। मुनिश्री ने आशीर्वाद दिया। मुनि संघ का आज दोपहर 1.30 बजे विद्या भवन, अंकुर कॉलोनी से मंगल विहार श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विजय टॉकीज चौराहा के लिए होगा और लगभग 4 बजे बडकुल मंदिर में भव्य अगवानी की जावेगी। सकल दिगंबर जैन समाज अंकुर कॉलोनी ने मुनि संघ को श्रीफल समर्पित कर शीतकालीन प्रवास के लिए भी निवेदन किया। सोमवार को वक्ताओं ने मुनि संघ के वर्षायोग को एक यादगार और साधना, प्रभावना का अभूतपूर्व चातुर्मास बताया। प्रतिदिन सभी वर्गों ने मुनि संघ से सुबह, दोपहर, शाम अपूर्व लाभ लिया और बच्चों ने संस्कारित होकर वर्षा योग में अनेको कार्यक्रम आयोजित किए। वक्ताओं ने कहा कि मुनिश्री का साइलेंट चातुर्मास अभूतपूर्व प्रभावना के साथ संपन्न हुआ, जो अंकुर कॉलोनी ही नहीं संपूर्ण सागर के लिए आदर्श और मितव्ययी वर्षा योग साबित हुआ।

## गुरु वचनों से बढ़कर दुनिया में कोई संपत्ति नहीं है: मुनिश्री

**बीना, देशबन्धु।** शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री सुव्रतसागर महाराज ने उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु वचनों से बढ़कर दुनिया में कोई संपत्ति नहीं है।



इसलिए सारे प्रयत्न करने पर अगर गुरु वचन मिल जाए तो भी उसे प्रयत्न को करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। जो व्यक्ति गुरु के वचनों को सुनने की आदत डालता है अगर वह संसार में रहता है तो उसको कभी भी असफलता का सामना नहीं करना पड़ेगा क्योंकि जो व्यक्ति सुनने का गुण अपने जीवन में विकसित करता है उसकी हर समय सफलता प्राप्त होगी अगर कोई स्त्री है और वह सुनने की आदत डालती है तो अपने विवाह के पूर्व वह अपने माता-पिता के घर में बड़े सुख आनंद से रहती है विवाह के उपरांत ससुराल में भी अगर वह सुनने की आदत डाले रहती है तो उसे ससुराल में भी बहुत मान सम्मान प्राप्त होता है इसलिए सुनने का गुण हमेशा जीवन को विकसित करता है।

## कर संग्राहक बकायाकरों को अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ लेने प्रेरित करें: निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** 9 दिसंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में शासन के निर्देशानुसार निगम के बकाया संपत्ति कर एवं जलकर के अधिभार में दी छूट को देखते हुए निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने निगम राजस्व अधिकारी को कोषालय में 9 दिसंबर को बकाया करो को जमा करने अतिरिक्त काउंटर खोलने के निर्देश दिए, साथ ही समस्त नगर निगम के राजस्व निरीक्षको सहित कर संग्राहकों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने वार्ड के बकायादारों से संपर्क कर उन्हें 9 दिसंबर लोक अदालत के दिन नगर निगम में जाकर अपने बकाया करो को जमा कर शासन द्वारा अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ लेने हेतु प्रेरित करे। इस प्रकार दी जा रही अधिभार में छूट. संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि 50000 तक बकाया है उनके अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। संपत्ति कर के जिन प्रकरण में कर एवं अधिकार की राशि 50000 से अधिक तथा 100000 तक है उसमे 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 1,00,000 से अधिक बकाया है उन प्रकरण के अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार जलकर उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें जलकर एवं अधिभार की राशि 10000 तक बकाया है उनके अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जल कर के ऐसे प्रकरण जिनमे जलकर उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10000 से अधिक तथा 50000 तक बकाया है उनके अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छुट दी जाएगी। जल कर के ऐसे प्रकरण जिनमे जल कर, उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 50000 से अधिक बकाया है उनके अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। अधिभार में दी जाने वाली छूट मात्र 9 दिसंबर को बकाया कर जमा करने पर दी जा रही है।

## करंट लगने से युवक की मौत

**सागर, देशबन्धु।** सुरखी थाना की ढाना पुलिस चौकी क्षेत्र के ढाना में खेत में करंट लगने से हुई युवक की मौत मामले में पुलिस ने खेत मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मृतक पुष्पेन्द्र पिता बलराम लोधी उम्र 31 साल निवासी ग्राम ढाना की खेत में करंट लगने से मौत हुई थी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। मर्ग जांच करते हुए पुलिस ने परिवार वालों के बयान लिए। साथ ही घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीएम रिपोर्ट की जांच की गई। इसके साथ ही पुलिस ने बिजली कंपनी से बिजली कनेक्शन के संबंध में जानकारी मांगी। जिसमें बताया गया कि घटना स्थल पर लगा बिजली कनेक्शन अवैध था। जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खेत मालिक बलराम लोधी के खिलाफ धारा 304ए, 136, 138 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी

**सागर, देशबन्धु।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर संस्था जन जागरण एजुकेशन एण्ड हेल्थ वेलफेयर सोयायटी सागर द्वारा मकरोनिया स्थित दिशा मानसिक दिव्यांग केन्द्र में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को दिव्यांगजनों के लिए शासकीय लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी व दिव्यांगजनों का सम्मान कर मनोरंजक गतिविधियां कराई गई। जन जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में दिव्यांगजन ललित पटेल, लोकेश पटेल, मयंक साहू, सोनाक्षी यादव, अमर सिंह एवं अन्य दिव्यांगजन उपस्थित थे। संस्था अध्यक्ष डॉ. सत्यम सिंह चंदेल द्वारा निरायम बीमा योजना की संपूर्ण जानकारी दिव्यांगजनों के अभिभावकों को दी साथ ही परामर्शदाता द्वारा दिव्यांगजनों का सम्मान कर उनके अभिभावकों एवं उन्हें समस्त योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में दीपक ठाकुर विशेष शिक्षक, प्रमोद नरवरिया फिजियोथेरेपिस्ट, मुरली पवार, तोताराम सिसोदिया, द्रोपति चढ़ार, जयंति अहिरवार आदि संस्था के सदस्य एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, बांटी मिठाई



**भेरून्दा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की ऐतिहासिक जीत पर नगर में जमकर जश्न मनाया और आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र में इस बार के चुनाव में एक लाख पार का नारा दिया था वही जनता ने कर दिखाया। उन्होंने 104974 मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई। शिवराज सिंह चौहान छह बार विधायक एवं पांच बार सांसद रह चुके है लेकिन इतने अधिक मतों से पहली जीत मिली। इस जीत का सबसे ज्यादा श्रेय महिलाओं का रहा। पहले महिलाएं मतदान के लिए निकलती नहीं थी लेकिन इस बार लाड़ली बहना योजना मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए संजीवनी साबित हुई।

## भाजपा के निर्वाचित विधायक रघुवंशी ने नौलखी मंदिर में की पूजा, निकाला विजयी जुलूस



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर सोमवार को नगर में विजय जलूस निकाला गया। जिसमें भाजपा को मिले अपार जनसमर्थन के लिए भाजपा के निर्वाचित विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सभी जनमानस का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। विजय जलूस के लिए हरिसिंह रघुवंशी प्रात: करीब 11 बजे नौलखी मंदिर पहुंचे जहां विधिविधान से पूजन कर कैलाश वासी गुरु महाराज जगन्नाथ दास महाराज का आशीर्वाद लिया। संतों के दर्शन के उपरांत रघुवंशी रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पहले से ही हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय जनता उपस्थित थी। जुलूस में जगह जगह रघुवंशी का भव्य स्वागत हुआ।

कार्यकर्ताओं ने अपने नए विधायक का स्वागत मिष्ठान वितरण किया गया। जलूस का प्रारंभ रेल्वे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर से हुआ। जलूस में ढोल, डीजे, दुलदुल घोड़ी के साथ श्रीराम के जयकारों व भजन के लिए गायिका भी मौजूद रही। जगह जगह आतिशबाजी की गई। विधायक हरिसिंह रघुवंशी को कहीं फल से तो कहीं लड्डू से तौला गया। सुबह करीब 12 बजे से प्रारंभ हुआ जुलूस देर शाम तक जारी रहा। जलूस में रघुवंशी के साथ पार्टी के युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, नगर मंडल, ग्रामीण मंडल सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आमजन मानस उपस्थित था।

## 8 छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में खेलने उमरिया रवाना

**सरोंज, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय शालेय अंडर-19 हॉकी प्रतियोगिता 5 से 9 दिसंबर तक उमरिया मैं आयोजित हो रही है जिसमें भाग लेने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी नंदनी त्यागी, राधिका सेन, शिवानी, मुस्कान और सीएम राइज स्कूल के छात्र जैब खान, रविंद्र कुशवाहा, गौरव प्रभाकर एवं ईशान अली शाह का चयन किया गया है। आज सुबह यह सभी प्रतियोगिता में भाग लेने सिरोंज से रवाना हुए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार सोनी, स्कूल के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, सोनू श्रीवास्तव खेल शिक्षक शान मियां,जमशेद खान, केशव शर्मा, प्रगति केवट, दीक्षा शर्मा एवं संस्था के समक्ष स्टाफ और नगर के खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## प्रसाद, बोस की जयंती और ध्यानचंद की पुण्यतिथि मनाई

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** नारायण सदाशिव पिंगल सेवा संस्थान द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी श्रीवास्तव के मुख्य अतिथि में एवं अधिवक्ता सुभाष ताम्रकार, राजकुमार बजाज, राजेश सक्सेना, संजीव शर्मा विजय अरोड़ा एवं दिव्यांग लख्खू यादव की उपस्थिति में डॉ.राजेंद्र प्रसाद , खुदीराम बोस की जयंती और मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में अधिवक्ता राजेश सक्सेना ने सभी लोगों का तिलक लगाकर एवं पुष्प हार पहनाकर सभी को सम्मानित किया। वरिष्ठ समाज से भी सुनील बाबू पिंगल ने राजेंद्र प्रसाद, खुदीराम बोस, मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें देश का महान सपूत निरूपित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी श्रीवास्तव ने समिति द्वारा आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि देश के महान व्यक्तियों से हमें प्रेरणा लेकर उनके सिद्धांतों को अपने आचरण में उतरना होगा। कार्यक्रम को अधिवक्ता सुभाष ताम्रकार राजकुमार बजाज एवं पंडित संजीव शर्मा दिव्यांग, यादव एवं विजय अरोड़ा ने भी संबोधित किया।

## जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत: शुक्ला

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला ने इस जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और भाजपा पर भरोसा बताया है। शुक्ला ने कहा कि यह जीत जन-जन की है, यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जन कल्याणकारी योजनाओं की जीत है इन योजनाओं को हर जन हर घर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत की जीत है।

भाजपा ने मतदान केंद्र तक अपनी मजबूत टीम तैयार करके रखी थी इन कार्यकर्ताओं ने पूरे समय प्राण प्रण से इस चुनाव को धर्म युद्ध की तरह लड़ा और भाजपा का परचम पूरे जिले में लहरा रहा है। दो दशक बाद भी भाजपा पर जनता को भरोसा है भाजपा की जन कल्याणकारी योजना पर भरोसा है आज जनता के भविष्य और भरोसे की जीत हुई है। मेरा बूथ सबसे मजबूत, बूथ जीता तो चुनाव जीता के संकल्प को लेकर हर कार्यकर्ता चल रहा था हर कार्यकर्ता के संकल्प की विजय है भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के एजेंडे पर काम करती है। भाजपा की जीत हर भारतीय की जीत है, हर कार्यकर्ता की जीत है। इस एतिहासीक विजय के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता बधाई के पात्र है वहीं भाजपा पर निरंतर विश्वास रखने के लिए जनता जर्नादन का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते है।

## मजबूत चुनाव संचालन ने भाजपा को दिलाई जीत

**बैतूल, देशबन्धु।** विधान सभा चुनाव की मतगणना होने के बाद मुलताईं विधान सभा मे चन्द्र शेखर देशमुख को भारी जनसमर्थन के साथ विजय हासिल हुई है। क्षेत्र के मतदाताओं ने भाजपा प्रत्याशी चन्द्र शेखर देशमुख को अपना नेता चुन लिया। भाजपा को मिली इस जीत के पीछे क्षेत्र में चन्द्र शेखर देशमुख की लोकप्रियता के साथ साथ सफ़ल चुनाव संचालन को मुख्य कारण बताया जा रहा है। भाजपा ने मुलताईं विधान सभा में भाजपा नेता राजू अनुराग पवार को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी थी। पवार ने अपनी राजनीतिक कार्यकुशलता का परिचय देते हुए विधान सभा के प्रत्येक बूथों पर कार्यकर्ताओं की मदद से भाजपा को अजेय बढ़त दिलवाते हुए भाजपा को विजय श्री दिलवाई। विधान सभा मे रहने वाले प्रत्येक समाज प्रमुखों के साथ लोगों से भी अपना जीवंत संपर्क बनाए रखा । पूरे चुंनाव भर पार्टी से मिले निर्देशों के अनुरूप काम कर अपनी निष्ठा का परिचय दिया। गौरतलब है कि पवार का मुलताईं क्षेत्र और पवार समाज अन्य समाजों में खासा दखल है। जिसका फायदा भाजपा को मिला है।

## ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाए: कलेक्टर

**बैतूल, देशबन्धु।** शीतकाल के चलते मौसम में आए बदलाव और गिरते तापमान के दृष्टिगत कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने सार्वजनिक क्षेत्रों में अलाव जलाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर बैंस ने कहा कि मौसम परिवर्तन के कारण ठंड बढने् से आम जनमानस एवं आने-जाने वाले यात्रियों को ठंड से बचाने नगर के मुख्य चौराहों, रेलवे स्टेशन के बाहर एवं बस स्टैंड, अस्पतालों, सार्वजनिक स्थानों और रैनबसेरा में रूकने वाले लोगों के लिए शीघ्र अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वहीं पर्याप्त लकड़ी की व्यवस्था भी रखें। इसके अलावा उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सतत मॉनिटरिंग किए जाने के भी निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में रात्रि में पारा लुढक्ने की वजह से ठंड में इजाफा हुआ है। बढ़ती ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की आवश्यकता भी महसूस की जा रही थी।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा, जिले में कांग्रेस की विजय सच्चाई की जीत

हरदा,देशबन्धु। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए हरदा जिले कि दोनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस को विजय दिलाने के लिए क्षेत्र कि जनता का आभार व्यक्त किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटेल ने कहा कि यह जीत सच्चाई की जीत है। उन्होने कहा इस चुनाव परिणाम मे यह तय कर दिया हैं।

## आज मण्डी में नीलामी कार्य बंद रहेगा

**हरदा,देशबन्धु।** मंगलवार को मण्डी परिसर में कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा। सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार 5 दिसम्बर को भैरव अष्टमी होने के कारण मण्डी प्रांगण हरदा में कृषि उपजों का नीलामी कार्य नहीं होगा। उन्होने किसानों से अनुरोध किया है कि 5 दिसम्बर को मण्डी प्रांगण में अपनी उपज विक्रय के लिये नहीं लाएं।

## सभी वाहनों में अगले 6 माह में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने के आदेश

**हरदा,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित आदेश में प्रदेश में पंजीकृत सभी वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट लगाये जाने की कार्रवाई 6 माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गये है। उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित निर्णय के अनुक्रम में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि 1 अप्रैल, 2019 के पश्चात बेचे गये सभी वाहनों में भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिकृत एजेंसियां व डीलर द्वारा वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नम्बर प्लेट लगाई जाए।

## सार समाचार

### कुलपति छात्रों से आज करेंगी सीधा संवाद

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी छतरपुर की कुलपति प्रो शुभा तिवारी गूगल मीट के माध्यम से यूटीडी एवं विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के सभी छात्र छात्राओं से 5 दिसंबर (मंगलवार) को सुबह 11.30 बजे "सीधा संवाद" करेंगी। बताया गया है कि इस संवाद में छात्र-छात्रायें कुलपति प्रो शुभा तिवारी से अपने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा का समाधान कर सकते हैं। जिसमें यूटीडी के छात्रों के बैठने की व्यवस्था विश्वविद्यालय सभागार में रहेगी। अन्य समस्त विद्यार्थी ऑनलाइन मोड में गूगल मीट के द्वारा संवाद कर सकते हैं।

### पुलिस ने जनचौपाल में किया यातायात के बारे में जागरूक

**छतरपुर, देशबन्धु।** थाना किशनगढ़ पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जन चौपाल लगाकर आमजन को जागरूक किया गया है।

सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा जिले के सभी थानो में यातायात जागरूकता का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को घने कोहरे से कारण दुर्घटना से बचाने के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है। साथ ही वाहनों में विजिबिलिटी के लिए रिफ्लेक्टर व रेडियम लगवाये जा रहे हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी बिजावर शशांक जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी किशनगढ़ उपनिरीक्षक राजकुमार तिवारी द्वारा जन चौपाल लगाकर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गईं। दुर्घटना से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी को साझा कर लोगों को जागरूक भी किया गया। लॉगिन को इस बात का भरोसा दिलाया गया कि छतरपुर पुलिस आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर है। आप सभी यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रूप से अपने घर पहुंचें।

### कोहरा और सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड, जनजीवन प्रभावित



**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। सर्दी दिनोदिन बेकाबू होती जा रही है। सोमवार को फिर से मौसम ने रंग बदल लिया। शीतलहर के साथ घना कोहरा छाया रहा है। कोहरा इतना ज्यादा था कि सुबह के समय कोहरे की बरसात होती रही। इससे जिससे तापमान में गिरावट होने के साथ ठंड में और अधिक इजाफा हो गया है। लगातार 7 दिनों से बादल, बारिश और कोहरे के कारण अब सर्दी दिनोदिन बेकाबू होती जा रही है। पूरे दिन मौसम पूरी तरह सर्द बना रहा। दिन में कोहरे की धुंध आसमान में बदस्तूर जारी रही। ठंड से बचाव को लोग इधर-उधर अलाव तापते दिखाई दिए।

कोहरे की घनी चादर और ठंड के बीच जनजीवन पटरी से उतरता दिखाई दे रहा है। सुबह से ही पूरे दिन क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। इसके कारण सड़कों पर यातायात संचालन आम दिनों के मुकाबले ठहरा-ठहरा नजर आया। दोपहर में कुछ देर के लिए धूप निकली मगर फिर से बादल छाए रहने से पूरे दिन मौसम सर्द रहा। सर्दी के कारण इन दिनों बाजारों में सन्नाटा पसरा रहने से व्यापारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

## काम नहीं आया समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का दांव

# दूसरों को हराने तक सीमित रही साइकिल और हाथी

* संजय सक्सेना

*छतरपुर, देशबन्धु।* *इस बार के विधानसभा चुनाव में हमेशा की तरह समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का दांव काम नहीं आया है। साइकिल और हाथी की रफ्तार केवल वोट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को हराने तक सीमित रही है।*

*यूपी की सीमा से सटे छतरपुर जिले में चुनाव के समय हमेशा उत्तर प्रदेश की सियासत में खास स्थान रखने वाली समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का दखल रहता है। जब जब यहां चुनाव होते हैं तो ये दोनों दल अपने उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारती हैं। ये अलग बात है कि कामयाबी ज्यादा नहीं मिल पाई है। समाजवादी पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार की छवि के सहारे साइकिल तो जरूर एक दो बार चली भी, मगर बसपा का हाथी केवल वोट काटने तक सीमित रहा है। इस बार भी विधानसभा चुनाव में जिले की 4 सीटों पर सपा और सभी 6 सीटों पर बसपा ने अपने उम्मीदवारों को चुनाव लडाया। इनमें से अधिकांश की तो जमानत ही जब्त हो गई है। सही मायने में साइकिल और हाथी की रफ्तार दूसरों को हराने तक ही सीमित रही है।*

*इस बार के चुनाव परिणाम की रेस में जिले की 6 सीटों में से 4 पर साइकिल दौडी है। महाराजपुर सीट पर कांग्रेस के वोट काटकर कांग्रेस उम्मीदवार को हराने में सपा असरदार रही, पर कहीं से भी जीतने का कमाल नहीं कर सकी है। महाराजपुर सीट पर कांग्रेस से बगावत करके अजय दौलत तिवारी ने साइकिल की सवारी करके 11828 मत हासिल किये और चौथे स्थान पर आये। कांग्रेस के इस मत विभाजन का सीधा नुकसान कांग्रेस उम्मीदवार नीरज दीक्षित को हार के रूप में उठाना पडा है। इस सीट के अलावा बाकी सीटों पर साइकिल बेअसर रही है। चंदला में सपा उम्मीदवार पुष्पेंद्र अहिरवार 24977 मत पाकर तीसरे स्थान पर आये। राजनगर में ब्रजगोपाल पटेल 6353 मतों सहित चौथे स्थान पर आये, छतरपुर से बीपी चंसौरिया को केवल 894 मत मिल सके, इन सभी की जमानतें जब्त हो गई हैं।*

*अब बात करें बहुजन समाज पार्टी के चुनावी प्रदर्शन की। इस बार बसपा के हाथी की सवारी करने वालों में सबसे बडा नाम है डीलमणि सिंह का रहा है। वे कांग्रेस से बगावत करके छतरपुर सीट पर बसपा से चुनाव लडे। उन्होंने अपने असर से 14184 मत हासिल किये, जिसका नुकसान कांग्रेस उम्मीदवार आलोक चतुर्वेदी को पराजय के रूप में उठाना पडा है। राजनगर से भाजपा के बागी डा घासीराम पटेल हाथी की सवारी करके 32195 मतों पाकर तीसरे स्थान पर आये। महाराजपुर सीट से बसपा के महेश कुशवाहा को 19812 मत मिले, वे भी तीसरे नंबर पर आये। इनके अलावा चंदला से डीडी अहिरवार को 7124, बिजावर से महेन्द्र कुमार गुप्ता को 10443 और बडामलहरा से लखनराम को 1860 मतों से संतोष करना पडा है। इस तरह से साइकिल की तरह हाथी भी केवल वोट काटने तक ही सीमित रहा है।*

### पूर्व में तीन बार साइकिल रही करामाती

*यदि कुछ पुराने चुनावों में समाजवादी के प्रदर्शन पर नजर डालें तो पता चलता है कि पूर्व में उम्मीदवारों की छवि के सहारे साइकिल कुछ करामाती जरूर रही है। 2003 के चुनाव में छतरपुर से विक्रम सिंह नाती राजा ने समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लडकर जीत हासिल की थी। इसी चुनाव में चंदला सीट से भाजपा के बागी विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने भी सपा के टिकट पर विजय पाई थी।*

*2018 के चुनाव में बिजावर सीट से कांग्रेस के बागी राजेश शुक्ला ने साइकिल की सवारी की और 67623 वोट पाकर जीत गये। हालांकि बाद में वे सपा छोडकर भाजपा में चले गये। इस तरह से देखा जाये तो छतरपुर अंचल में सपा का असर तो नही रहा पर कांग्रेस और भाजपा के बागियों ने सपा की साइकिल चलाकर अपने प्रभाव से सपा का लाल झंडा जरूर लहराया है। ये समाजवादी पार्टी के लिये बडी उपलब्धि मानी जा सकती है।*

## साप्ताहिक हाट बाजारों ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत

# सड़क पर लग रहे सब्जी बाजार से जाम हो गया आम, लोग परेशान



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में हाइवे सहित अन्य सड़कों पर सात दिनों में लगने वाली सात साप्ताहिक हाटों ने लोगों की परेशानी बढा दी है। सड़क पर वाहन खडा करके सामान खरीदने वालों के कारण आवागमन बाधित होता है, अकसर दुर्घटनायें भी होती रहती हैं।

शहर में हर दिन किसी न किसी इलाके में साप्ताहिक सब्जी बाजार लगते हैं। पहले केवल रविवार को मेला ग्राउंड और बुधवार को बाजार में रामचरित मानस मैदान में साप्ताहिक हाट लगाती थी। समय के साथ शहर की आबादी बढ़ी तो शहर में लगने वाली साप्ताहिक हाटें बढ गईं। अब हर दिन किसी न किसी इलाके में साप्ताहिक सब्जी बाजार लगता है। साप्ताहिक बाजार के साथ हाइवे सहित प्रमुख सड़कों के किनारे सब्जी की दुकानें सजाई जा रही हैं।

बाजार के लिए मैदान न होने से हर दिन किसी न किसी इलाके में साप्ताहिक बाजार के दिन ट्रैफिक जाम हो जाता है। साप्ताहिक बाजार के दिन सड़कों से लोगों को निकालने में परेशानी होती है। कई बार नगर पालिका की ओर से कार्रवाई की गई फिर भी दुकानदार नहीं मान रहे हैं। जिसका खामियाजा इन दुकानों में आने वाले ग्राहकों और सड़कों से आने जाने वालों को उठाना पड़ रहा है।

**सड़क पर बाजार के दिन होती है परेशानी :** साप्ताहिक सब्जी बाजार तीन दिन तो नेशनल हाइवे पर ही लगते हैं, बाकी चार दिन शहर की मुख्य सड़कों पर बाजार लगता है। रविवार को मेला ग्राउंड से लेकर रीवा ग्वालियर नेशनल हाइवे पर छत्रसाल चैराहे से होकर आकाशवाणी तिराहे तक और सागर कानपुर हाइवे पर बिजावर नाका के पास तक सब्जी की दुकानें लग जाने से पूरा आवागमन अस्त व्यस्त हो जाता है। शुक्रवार को पुलिस लाइन रोड़ पर साप्ताहिक बाजार के दिन सड़क पर दुकानें लगाई जाती हैं। खरीददारों को सड़क पर वाहन खड़ा करके खरीददारी करना पड़ती है। इसके साथ ही अन्य दिनों में भी इस रोड पर कई दुकानें लगती हैं जिससे आये दिन दुर्घटनायें होना आम बात है। महोबा रोड़ पर गुरूवार को साप्ताहिक बाजार के दिन दोनों ओर दुकानें लगती हैं। इसके साथ ही अन्य दिनों में भी बस स्टैंड से सौरा रोड तक दर्जन भर से अधिक दुकानें सड़क से सटाकर लगाई जा रहीं हैं। बुधवार को पुरानी गल्ला मंडी में रामचरित मानस प्रांगण में ही जगह आरक्षित है। बाजार वाला इलाका होने के कारण इस सड़क पर ट्रैफिक का दबाव हमेशा रहता है। लेकिन बुधवार को इस रोड से निकलना बहुत मुश्किल होती है। इसी तरह सोमवार को सटई रोड पर, मंगलवार को पठापुर रोड पर, शनिवार को संकटमोचन मंदिर के पास साप्ताहिक बाजार लगाया जाता है। एक बड़ी आबादी को जोड़ने वाली इन सडकों पर सब्जी बाजार लगने से लोगों को दिनभर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। चार पहिया वाहन लेकर बाजार के बीच से निकलना मुश्किल होता है।

**पार्किंग के लिये जगह न होने से परेशानी :** सप्ताह में तीन दिन रविवार, गुरुवार और शुक्रवार को साप्ताहिक सब्जी बाजार नेशनल हाइवे किनारे लगता है। हाइवे के किनारे सब्जी की दुकानें सुबह से सज जाती है। यहां खरीददारी के लिए आने वालों के वाहन भी सड़क पर ही खडे होने से दिन में कई बार जाम लग जाता है। दरअसल बाजार इलाके सहित कहीं भी वाहन की पार्किंग के लिये कोई व्यवस्था न होने से लोग अपने वाहन सड़क के दोनों किनारों पर खड़े कर देते हैं। इससे हादसे का भय भी बना रहता है। जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है।

### इनका कहना है

साप्ताहिक बाजार लाइफ लाइन माने जाते हैं। शहर के हर इलाके में बाजार लगने से लोगों को सुविधा तो होती है, लेकिन यही बाजार सड़क किनारे से हटाकर मैदान में लगने लगें तो ये सुविधा और बढ़ जाएगी। लोगों को न ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ेगा न सड़क पर बाजार होने से जाम लगेगा।

**नरेन्द्र अग्रवाल,** छतरपुर

दुर्घटना और ट्रैफिक जाम से बचने के लिए जरुरी है कि न केवल नेशनल हाइवे पर लगने वाले बल्कि अन्य सड़कों पर लगने वाले बाजारों के लिए व्यवस्थित जगह की जरुरत है।

**संदीप पिपरसानिया,** व्यवसाई

साप्ताहिक बाजार की जगह के लिए नगर पालिका को खुद ही पहल करने की जरुरत है। नगर पालिका को खुद की या राजस्व या फिर नजूल से जमीन लेकर बाजार की जगह निर्धारित करे तभी इस समस्या का समाधान हो सकेगा।

**राधेश्याम तिवारी,** व्यवसाई

## कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने किया खाद वितरण का निरीक्षण

# महंगी खाद बेचने पर दुकान सील, कई दुकानों का लिया जायजा





**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर रबी फसलों के दृष्टिगत जिले में उर्वरक का सुचारू वितरण कराने के लिए अधिकारियों ने खाद वितरण सोसायटी और अन्य वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया है।

बताया गया है कि कलेक्टर ने खाद की कालाबाजारी रोकने, खाद का अवैध भण्डार करने वालों पर कार्यवाही करने और जिले की सीमाओं सहित एमपी-यूपी बॉर्डर की चेकिंग करने के निर्देश भी दिए हैं। जिससे जिले का खाद अन्य राज्य एवं जिलों में परिवहन न किया जा सके। कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार को एडीएम नमः शिवाय अरजरिया ने छतरपुर शहर के सटई रोड स्थित नीरज अग्रवाल खाद वेयर हाउस सहित नौगांव रोड के विभिन्न वितरण केन्द्रों पर निरीक्षण किया है। इस दौरान एसडीएम बलवीर रमन एवं डीडीए डॉ. बीपी सूत्रकार भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में नौगांव तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी ने हरपालपुर स्थित हरिश्चंद्र प्रजापति खाद बीज भंडार की जांच की और कृषकों से चर्चा की। इस दौरान ग्राम कैथोकर एवं भदर्रा के कृषकों ने बताया कि उन्हें निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर खाद दी और रसीद भी नहीं दी गई। तहसीलदार द्वारा मौके पर जांच करते हुए खाद बीज भंडार की दुकान को सील करने की कार्यवाही की गई है। साथ ही दुकानदारों को निर्धारित दर पर खाद बेंचने और रसीद देने की कड़ी हिदायत भी दी गई।

इसी तरह बिजावर एसडीएम विजय द्विवेदी ने मंडी स्थित गोदाम में खाद वितरण का निरीक्षण कर कृषकों से चर्चा की। लवकुशनगर में कृषकों की व्यवस्था को देखते हुए टोकन देकर खाद वितरण कराया गया। बड़ामलहरा में भी अधिकारियों द्वारा खाद दुकानों के स्टॉक और विक्रय पंजी की जांच की गई। घुवारा में भी प्राईवेट दुकानों का निरीक्षण कर डीएपी एवं यूरिया के स्टॉक की जांच की गई।

### निर्धारित दर पर ही खाद लेकर रसीद प्राप्त करें

जिला प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि निर्धारित दरों पर ही खाद खरीदें और रसीद प्राप्त करें। बताया गया है कि यूरिया 45 किलो की बोरी 266 रुपए 50 पैसे एवं 50 किलो डीएपी की बोरी 1350 रूपये, पोटास 1700 रूपये, एनपीके कॉम्प्लेक्स 1470 रूपये तथा सुपर फास्फेट राख 425 रूपये प्रति बोरी किसानों को विक्रय दर शासन की ओर से निर्धारित की गई है। इन दरों से अधिक पर खाद बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### लोगों को नहीं हो रही मौसम खुलने की उम्मीद पूरी

**गुना, देशबन्धु।** लगातार बन रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण गुना सहित अंचलभर में बादल छाए एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है। इस दौरान रूक-रूक कर बारिश भी होती रही। विक्षोभ का असर कम होते ही मौसम में परिवर्तन होने लगा है। हालांकि सर्दी का असर अब भी बरकार है। लोग रात में सडक़ किनारे अलाव जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिन मौसम इसी तरह का रहेगा। लेकिन फिलहाल कोई विक्षोभ नहीं होने से बारिश की संभावना नहीं है। दिसंबर के दूसरे सप्ताह में सर्दी का असर तेज रहेगा। इस बार कोल्ड-डे कम रहेंगे। इधर लगातार अंचल में आसमान में बादल छाए रहने से सोमवार को दिन में धूप कुछेक समय के लिए नजर आई। आममान में बादल देखकर लोगों ने उम्मीद लगाई कि पानी बरस सकता है। बादलों को देखकर खासकर किसानों को उम्मीद बंधी कि मावठ हो सकती है। क्योंकि मावठ ऐसे में रबी सीजन की फसलों के लिए फायदे भरी साबित होगी। सोमवा सुबह हल्की बूंदाबादी भी हुई।

### पति ने गांव नहीं छोड़ा तो पत्नी ने नाराज होकर खाया जहर

**छतरपुर, देशबन्धु।** नवविवाहिता पत्नी गांव में नहीं बल्कि शहर में रहना चाहती थी, जब पति गांव में अपना घर और माता पिता को छोड़ने को तैयार नहीं हुआ तो नाराज होकर पत्नी ने जहर खा लिया। अब गंभीर हालत में उसका जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार छतरपुर के सिविल लाइन थाना के अंतर्गत ग्राम कर्री में रहने वाले वीरेन्द्र अहिरवार का विवाह 8 महीने पहले हुआ था। उसकी पत्नी मीना की इच्छा थी कि उसका पति दिल्ली, मुंबई जैसे किसी महानगर में रहकर उसे अपने साथ गांव से ले जाकर महानगर में रखे। मगर वीरेन्द्र अपने बीमार पिता सहित परिवार को गांव में अकेला छोड़कर महानगर जाने को तैयार नही हुआ। इसी बात से मीना पति से नाराज रहने लगी। नाराजगी के चलते उसने अपने घर में रखा जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान देने का प्रयास किया है। जहर के कारण हालत बिगड़ने पर मीना को तुरंत लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उसका इलाज किया जा रहा है। पूरा परिवार मीना की इस अजीब मांग को लेकर परेशान है।

# आज ओर कल हो सकती है बारिश



**नौगांव/छतरपुर, देशबन्धु।** खजुराहो स्थित मौसम विभाग के आरएस परिहार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण मंगलवार और बुधवार को बारिश फिर से हो सकती है। उन्होंने बताया कि आसमान में अभी बादलों का डेरा जमा रहेगा। दिन में हल्की धूप निकलने से कुछ राहत भले ही मिल सकती हो लेकिन सर्द हवाओं के कारण दिन के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। वहीं बादलों की वजह से रात के तापमान में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक दो दिन पहले रात का तापमान 12 डिग्री के करीब था लेकिन सोमवार को यह तापमान 4 डिग्री ऊपर चढक़र 16 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इसी तरह दिन का तापमान जहां 29 से 30 डिग्री दर्ज किया था वहीं पर आज यह तापमान 4 डिग्री नीचे पहुंचकर 25 डिग्री सेल्सियस के करीब ठहरा है। दक्षिण भारत के तटीय क्षेत्रों से टकराने वाले तूफान का इस क्षेत्र में प्रभाव न के बराबर ही हो सकता है। मंगलवार और बुधवार को बारिश का दौर है। यह बात अलग है कि बारिश कहां हो रही है। कहीं बूंदाबांदी तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि अब होने वाली बारिश किसानों को चिंतित भी कर सकती है। जिन किसानों के खेत गीले हो गए हैं वे अब खेतों के सूखने का इंतजार कर रहे हैं ताकि रबी की फसल बोई जा सके। यदि फिर से बारिश होती है तो बुवाई पिछड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि गेहूं की बुवाई के लिए अभी पर्याप्त समय है। क्योंकि किसान दिसम्बर के आखिरी सप्ताह तक गेहूं की बुवाई करते हैं।

## आतिशबाजी व गर्मजोशी के साथ जगह-जगह हुआ स्वागत

# नव निर्वाचित विधायका सुश्री रामसिया भारती ने अबार माता पहुंचकर टेका माथा

***घुवारा, देशबन्धु।*** *मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की मतगणना की प्रक्रिया 3 दिसम्बर को समाप्त हो गई जिसमें छतरपुर जिला में कुल 6 विधानसभा सीटों पर चुनाव परिणाम घोषित हुए हैं 6 विधानसभा सीटों में कुछ सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला है तो कुछ सीटों पर भाजपा व कांग्रेस में आमने-सामने की टक्कर का सामना देखने को मिला है 6 विधानसभा सीटों में 5 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया है तो वहीं 1सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा है।*

*बात हम बड़ामलहरा विधानसभा 53 की कर रहे हैं जहां भाजपा से प्रधुम्न सिंह लोधी वहीं कांग्रेस से सुश्री रामसिया भारती मैदान में थी? जहां कांग्रेस प्रत्याशी रामसिया भारती ने भाजपा प्रत्याशी को 21500 मतों से हराकर बड़ामलहरा विधानसभा पर विधायक का सर ताज पहनकर जनता की सेवा करने के लिए आई है।*

***अबार माता मंदिर में सर्वप्रथम टेका माथा*** *: बुंदेलखंड का प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र अबार माता मंदिर छतरपुर जिला के अंतिम छोर पर स्थित है जहां पर रोजाना हजारों की संख्या में भक्तों का आना जाना लगा ?रहता है उसी क्रम में बड़ामलहरा विधानसभा 53 की नव निर्वाचित विधायका सुश्री रामसिया भारती ने सबसे पहले सोमवार की दोपहर बड़ामलहरा अपने निजी निबास से समर्थकों के साथ माता अबार के दर्शन किए माता रानी को चुनरी? चढ़ाकर क्षेत्र की जनता की मंगलकामना की?*

*माता से बिनती की वहीं मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कि जनता ने चुनाव लडा है और हमारी विधानसभा का हर कांग्रेस का कार्यकर्ता व जनता विधायक हैं बड़ामलहरा विधानसभा की जनता ने मुझसे भरपूर आर्शीवाद दिया और उस आर्शीवाद को हम सेवक बनकर कार्य करेंगे।*

***गर्मजोशी के विधायका का हुआ स्वागत*** *: नव निर्वाचित विधायका सुश्री रामसिया भारती का काफिला अंबार माता मंदिर से दर्शन के बाद क्षेत्र रामटौरिया मवई हलाबनी हरपुरा हीरापुर तिग्डडा पहुंचा जहां जगह जगह महिला पुरुष सहित बच्चो ने तिलक माला के पहनाकर स्वागत किया उसके उपरांत सैकड़ों की संख्या मे कांग्रेस कार्य कर्ताओ सहित सभी वर्ग के लोगों ने घुवारा के मैन बस स्टैंड पर कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ता कांग्रेस के जिला महामंत्री अरविंद उर्फ सोनू रावत के यहां एकत्रित होकर ढोल नगाड़े व आतिशबाजी के साथ नवनिर्वाचित विधायका सुश्री रामसिया भारती का बारी बारी से स्वागत किया।*

सागर, मंगलवार 5 दिसम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कांग्रेस की कठिनाइयां और गुंजाइशें

चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के रविवार को निकले नतीजों में कांग्रेस के हिन्दी पट्टी राज्यों में हुए पराभव से यह साफ है कि उसकी आगे की राह पहले के मुकाबले कहीं अधिक कठिन हो चली है। नवम्बर में विभिन्न चरणों में हुए चुनावों के बाद इनके परिणाम जब निकले तो उसकी छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सरकारें छिन चुकी थीं और जिस मध्यप्रदेश को वह भारतीय जनता पार्टी से झटक लेने की मानसिकता में थी, वह भी हाथ नहीं आया। यह सच है कि भारत राष्ट्र समिति को हरा कर दक्षिण भारत का तेलंगाना उसकी झोली में आया है जो एक बड़ी उपलब्धि तो है पर आसन्न लोकसभा चुनाव (2024) के मद्देनज़र जो बड़ी छलांग लगाने की वह सोच रही थी, उसमें बड़ी रुकावट तीन राज्यों की पराजय है जिसने कांग्रेस के लिये आगे की सियासी राह को बहुत कठिन कर दिया है। फिर भी ऐसा नहीं कि वह खेल में कभी लौट ही नहीं सकेगी।

कांग्रेस की दिक्कतों एवं सम्भावनाओं पर विचार करते समय पहले उसकी कठिनाइयों पर चर्चा कर ली जाये। उसका सबसे बड़ा अवरोध तो यही है कि उसके बारे में भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा उनके अन्य सहयोगी संगठनों द्वारा बनाई गई अवधारणाएं एवं परिकल्पनाएं इस कदर प्रगाढ़ रूप से लोगों के मन में बिठा दी गई हैं, कि उनका निराकरण सहज रूप से होता सम्भव नहीं लगता। देश की सबसे पुरानी पार्टी एवं उसके नेताओं के बारे में जो जहरखुरानी की गई है उसके चलते जनता का एक बड़ा हिस्सा, खासकर नयी पीढ़ी उसे भ्रष्टाचार व वंश परम्परा का पोषण करने वाली पार्टी मानती है। राममंदिर आंदोलन के बाद से उसे अधर्मी एवं हिन्दू विरोधी दल के रूप में भी स्थापित किया गया है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब से भारतीय जनता पार्टी केन्द्र में काबिज हुई है और आज जब केन्द्र के साथ उसकी बड़ी संख्या में राज्य सरकारें बन चुकी हैं, कांग्रेस के प्रति नफरत व नकारात्मकता का भाव सर्वत्र फैला दिया गया है। इसी का यह परिणाम है कि उसकी मुद्दा आधारित राजनीति को इन तीनों राज्यों में स्वीकार्यता नहीं मिल पाई। पिछले करीब एक दशक से भाजपा द्वारा हिन्दुओं व गैर हिन्दुओं के बीच जो अलगाव पैदा किया गया है, उसे मिटाने के लिये जब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं, तो उसके असर को खत्म करने के भी पुरजोर प्रयास भाजपा व उसके अनुषांगिक संगठन करते दिखाई देते हैं। एक तरह से कांग्रेस की समावेशी विचारधारा को खारिज कराने के सारे प्रयास किये गये हैं। इन तीन राज्यों में तो यही दिखाई दिया है। कम से कम छत्तीसगढ़ व राजस्थान में तो ध्रुवीकरण का मुद्दा मतदाताओं के सिर पर चढ़कर बोला। इसी प्रकार लोगों के मन में कांग्रेस व उसके नेताओं के प्रति भ्रष्टाचारी होने की अवधारणा भी मिटाये नहीं मिट रही है।

अपनी विचारधारा के प्रति लोगों को कैसे सहमत किया जाये, यह अब भी कांग्रेस की समझ से परे है। जिस राहुल के पीछे लाखों की भीड़ चलती रही और जिस कांग्रेस की प्रचार सभाओं में जनता की विशाल भागीदारी हुआ करती थी, उसी के द्वारा शासित राज्य की सरकारें भी उससे छीन जायें तो इसे अजूबा ही कहा जाएगा। ऐसे में मध्यप्रदेश को हासिल करना तो दूर की बात है।

इसके ठीक विपरीत तेलंगाना भी उदाहरण है जहां के लोगों ने भावनात्मक मुद्दों की बजाय यथार्थवादी मुद्दों को तरजीह देते हुए उसे शानदार जीत दिलाई। उसके पहले कर्नाटक में उसके द्वारा भ्रष्टाचार, वंश परम्परा के संवाहक तथा कट्टर साम्प्रदायिकता का पर्याय बन चुकी भाजपा को हराने का भी दृष्टांत भी है। और पहले जाएं तो हिमाचल प्रदेश भी है। ये तीनों राज्य बताते हैं कि अभी कांग्रेस के लिये सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। अगर वह संगठित तरीके से जनता के बीच जाये, चुनाव पूरी मुस्तैदी से लड़े और लोगों को समझाये तो कहानी बदली जा सकती है। तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के बारे में कहा जा सकता है कि हिन्दी पट्टी से उसकी दूरी के कारण इन राज्यों की मानसिकता अलहदा है जो भावनात्मक मुद्दों को लेकर वैसी उद्वेलित नहीं होती, जिस प्रकार से हिन्दीभाषी व उनसे जुड़े कुछ अन्य इलाके हैं। दरअसल इस प्रखंड का नैरेटिव ही भाजपा-संघ की राजनैतिक व सामाजिक विचारधारा का अंश है। दुर्भाग्य से यही केन्द्रीय विमर्श भी बन गया है या यों कहा जाये कि बना दिया गया है।

इन सारी परिस्थितियों व भाजपा द्वारा बुने गये जाल को देखते हुए कांग्रेस का अन्य दलों से मिलकर बना गठबन्धन ही एकमात्र उपाय है जो भाजपा को मात दे सकता है। चुनावी बिसात पर होती उसकी पराजयों की भरपायी 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूज़िव एलाएंस- जिसकी बुधवार को दिल्ली में बैठक होगी) के जरिये और उसकी मदद से नयी जमीन हासिल करके हो सकती है। यह अच्छी बात है कि अपनी स्थापना के करीब छह माह बाद भी और कांग्रेस को तीन राज्यों में मिली हार के बावजूद यह गठजोड़ न केवल अक्षुण्ण है वरन अब भी मिलकर आगे बढ़ना चाहता है। 28 दलों को मिलकर बने इंडिया की असली ताकत यह समझ है कि मिलकर ही वे भाजपा को मात दे सकते हैं। यह बात भी गठबन्धन के सामने साफ है कि उनका अस्तित्व तभी बचा रहेगा जब कांग्रेस का न सिर्फ वजूद बचा रहे वरन वह मजबूत भी बने। बेशक, कांग्रेस की राह को इन तीन राज्यों की पराजयों ने कठिन बनाया है लेकिन वह याद रखे कि उसका इतिहास गिरकर उठने का भी रहा है।

# पर 2024 की कोई गारंटी नहीं है!

आम चुनाव से ठीक पहले के विधानसभाई चुनावों के चक्र में प्रभावशाली जीत के बाद, भाजपा ने इन चुनावों को सिर्फ सेमीफाइनल ही नहीं, उससे आगे बढ़कर एक प्रकार से फाइनल भी कहना शुरू कर दिया है। मतगणना के ही दिन, 3 अक्टूबर को देर शाम, नई-दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित विजय सभा में अपने संबोधन में खुद प्रधानमंत्री ने जिस तरह तीन राज्यों की जीत को, 2024 के चुनाव की (जीत की) गारंटी बताया है, इसी का इशारा करता है। आने वाले दिनों में बार-बार चुनाव के इस चक्र की जीत को, 2024 के चुनाव में मोदी की शानदार जीत का संकेतक साबित करने की कोशिश नहीं की जा रही हो, तभी हैरानी की बात होगी। बहरहाल, इस संदर्भ में, संक्षेप में यह याद दिला देना उपयोगी रहेगा कि इस चक्र के नतीजे और उसमें भी खासतौर पर हिंदी पट्टी के तीन राज्यों—राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़—के नतीजे, ठीक-ठीक क्या कहते हैं और क्या नहीं कहते हैं।

यह निर्विवाद है कि इस चुनाव में तीनों हिंदीभाषी राज्यों में भाजपा को जोरदार जीत हासिल हुई है और आम तौर पर विपक्ष को और खासतौर पर कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। भाजपा ने 2018 के चुनाव के इसी चक्र के नतीजों को पूरी तरह से पलटते हुए, इन तीनों राज्यों में दोबारा सत्ता पर कब्जा ही नहीं कर लिया है, उस मध्य प्रदेश में भी उसने शानदार जीत दर्ज कराई है, जहां 2018 की हार के करीब डेढ़ साल बाद, दलबदल के जरिए उसने फिर से सत्ता हासिल कर ली थी और इस तरह इस बार चुनाव के समय उसकी ही सरकार थी। इस तरह, भाजपा ने इन तीन राज्यों में अपनी राज्य सरकारों की संख्या एक से बढ़ाकर तीन ही नहीं कर ली है, उसने सारे पूर्वानुमानों को झुठलाते हुए मध्य प्रदेश में अपनी सीटों की संख्या में, 2018 के मुकाबले 54 की बढ़ोतरी कर, 163 सीटें हासिल कर ली हैं और छत्तीसगढ़ में अपनी सीटों में 39 की बढ़ोतरी कर, कुल 54 सीटों पर कब्जा कर लिया है। राजस्थान में भी, बहुत अप्रत्याशित नहीं होते हुए भी, उसने अपनी सीटों में 42 की बढ़ोतरी कर, कुल 115 सीटों पर जीत दर्ज कराई है, जिसे प्रभावशाली बहुमत तो जरूर कहा जाएगा।

लेकिन, इतना ही नहीं है। मध्य प्रदेश में भाजपा ने अपने मत फीसद में 7.5 फीसद की बढ़ोतरी के साथ, कुल 48.6 फीसद वोट हासिल किए हैं। इसी प्रकार, छत्तीसगढ़ में उसने 13.3 फीसद की बढ़ोतरी के साथ, 46.3 फीसद वोट हासिल किए हैं। यहां तक कि राजस्थान में भी उसने 2.9 फीसद की बढ़ोतरी के साथ कुल 41.7 फीसद वोट हासिल किए हैं। छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश में मत फीसद में भारी बढ़ोतरी और राजस्थान में भी कुछ बढ़ोतरी का, 2024 के चुनाव के लिए एक स्पष्ट संकेत है जो किसी को भी नहीं भूलना चाहिए। भाजपा हिंदीभाषी क्षेत्र में अब भी अपना वोट बढ़ा पा रही है। और मोटे तौर पर उसका वोट 45 फीसद से करीब तक पहुंच गया है।

दूसरी ओर, इस चुनाव में आमतौर पर विपक्ष के और खासतौर पर कांग्रेस के हाथों से दो राज्यों—राजस्थान और छत्तीसगढ़—की सत्ता चली गई है। यह धक्का इसलिए और भी बड़ा है कि इसके बाद कांग्रेस के पास बिहार में महागठबंधन सरकार में हिस्सेदारी के अलावा, हिंदीभाषी क्षेत्र में सिर्फ हिमाचल की सरकार रह गई है। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश में कांग्रेस पिछले चुनाव के मुकाबले 48 सीटें गंवाकर मात्र 66 सीटों पर आ गई है, जबकि छत्तीसगढ़ में 33 सीटें गंवाकर 35 पर और राजस्थान में 31 सीटें गंवाकर, 70 पर ही सिमट गई है। धक्का बेशक बड़ा है। इसके बावजूद, यह नहीं भूलना चाहिए कि चुनाव नतीजों से आम तौर पर जल्दी में जो नतीजा निकाल लिया गया है और धारणा बना ली गई है उसके विपरीत, 2018 के चुनाव के मुकाबले जब इन तीनों ही राज्यों में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, इस चुनाव में भी कांग्रेस ने अपना वोट कमोबेश बनाए ही रखा है। मध्य प्रदेश की जबर्दस्त हार के बावजूद, कांग्रेस के वोट में सिर्फ 0.5 फीसद की कमी हुई है और उसने 40.4 फीसद वोट हासिल किए हैं, जबकि राजस्थान में उसके वोट में 0.1 फीसद की मामूली बढ़ोतरी ही हुई और उसकी झोली में 39.7 फीसद वोट आए हैं। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस के वोट में 0.8 फीसद की कमी हुई है और उसके हिस्से में 42.2 फीसद वोट आए हैं।



राजेंद्र शर्मा

> यहीं इंडिया मंच महत्वपूर्ण हो जाता है। लेकिन, उसे इन चुनावों से कुछ जरूरी सबक सीखने होंगे। सबसे जरूरी सबक तो यही है कि भाजपाविरोधी ताकतों की एकजुटता किसी भी कीमत पर कायम होनी ही चाहिए। इन विधानसभाई चुनावों से नकारात्मक सबक लेने ही होंगे। बेशक, यह कसरत भी दिलचस्प हो सकती है कि इंडिया के संभावित सहयोगियों के वोट का एक साथ पड़ना, इस चुनाव में भी भाजपा को कितनी सीटें भेंट करने से बचा सकता था।

कहने की जरूरत नहीं है कि इन तीनों राज्यों में भाजपा के वोट में जो भी बढ़ोतरी हुई है (जो मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में भारी बढ़ोतरी कही जाएगी) और उसकी सीटों में उससे भी बढ़कर जो बढ़ोतरी हुई है, उसके पीछे 'अन्य' राजनीतिक खिलाड़ियों के निचोड़े जाने की ही कहानी है। मध्य प्रदेश में अन्य के खाते में, जिसमें बसपा, सपा तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी शामिल हैं, वोट पूरे 7 फीसद घटकर 11 फीसद पर आ गया और सीटें 6 की कमी के साथ सिर्फ 1 पर आ गईं। इसी प्रकार, छत्तीसगढ़ में इस श्रेणी का मत फीसद पूरे 12.5 फीसद की गिरावट के साथ 11.5 फीसद पर ही आ गया और सीटों का आंकड़ा 6 की कमी के साथ सिर्फ 1 पर। इसमें सपा, बसपा, गोंगपा आदि के अलावा अजीत जोगी की पार्टी भी शामिल थी। राजस्थान में ही अन्य के वोट में 3 फीसद की अपेक्षाकृत थोड़ी कमी ही आई है, हालांकि इस श्रेणी में शामिल पार्टियों की सीटों की संख्या पूरे 12 की कमी के साथ, 14 पर आ गई है। इस तरह, मोटे तौर पर अन्य की श्रेणी में आने वाली राजनीतिक ताकतों की कीमत पर ही भाजपा ने इस चुनाव में अपनी प्रभावशाली जीत दर्ज कराई है।

इन चुनावों में भाजपा की जीत और कांग्रेस व विपक्ष की हार की गंभीरता को कम नहीं करते हुए भी, इन नतीजों से एक बात आसानी से समझी जा सकती है। इन राज्यों के नतीजों के संदर्भ से, 2024 के आम चुनाव के नतीजे की गारंटी कोई नहीं कर सकता है। बेशक, इस चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी रहा है और पर्याप्त भारी रहा है, लेकिन यह भी सच है कि तीनों राज्यों में उसके सामने मुकाबले के लिए एक अच्छी-खासी ताकत थी। और यह ताकत, जो 2018 से 2023 के बीच के पांच सालों में लगभग जस की तस बनी रही है, अगले चुनाव तक भी आसानी से इधर-उधर होने नहीं जा रही है। इतना ही बड़ा सच यह भी है कि भाजपा का वोट 45 फीसद के करीब तक पहुंचने के बावजूद, अब भी वोट का स्पष्ट बहुमत उसकी पकड़ से बाहर है। और महत्वपूर्ण बात यह है कि एक मजबूत कोर भी मौजूद है, जिसके गिर्द यह गैर-भाजपा वोट जमा हो सकता है। और अगर यह वोट एक जगह जमा हो जाए, तो हिंदीपट्टी में भी भाजपा को पछाड़ा जा सकता है। शेष भारत को मिलाकर उसे पछाड़ना तो और भी आसान होना चाहिए क्योंकि तेलंगाना के हाल के नतीजों से साफ है कि दक्षिण और पूर्व (उत्तर-पूर्व से भिन्न) पूरी तरह से पहले ही उसके दबदबे से बाहर हैं।

यहीं इंडिया मंच महत्वपूर्ण हो जाता है। लेकिन, उसे इन चुनावों से कुछ जरूरी सबक सीखने होंगे। सबसे जरूरी सबक तो यही है कि भाजपाविरोधी ताकतों की एकजुटता किसी भी कीमत पर कायम होनी ही चाहिए। इन विधानसभाई चुनावों से नकारात्मक सबक लेने ही होंगे। बेशक, यह कसरत भी दिलचस्प हो सकती है कि इंडिया के संभावित सहयोगियों के वोट का एक साथ पड़ना, इस चुनाव में भी भाजपा को कितनी सीटें भेंट करने से बचा सकता था। ऐसी सीटों की संख्या अच्छी-खासी होगी। उम्मीद है कि इन चुनावों की पृष्ठभूमि में होने वाली इंडिया की पहली बैठक से ही, गठबंधन की सिलवटों को दूर करने के लिए गंभीरता से काम शुरू होगा। यही नहीं, इंडिया के साथ खड़ी ताकतों के दायरे को अधिकतम फैलाने के और नागरिक-सामाजिक संगठनों तथा ऐसी ही तमाम ताकतों को साथ लाने के सक्रिय प्रयास करने होंगे। दूसरा महत्वपूर्ण सबक यह होना चाहिए कि विपक्ष का नैरेटिव पूरी तरह से बेअसर तो नहीं है, पर उसे जनता की जिंदगी के वास्तविक मुद्दों से जोड़कर और धारदार और असरदार बनाए जाने की जरूरत है, जिससे मोदी राज की वैधता को चुनौती दी जा सके और उसे जनता के सामने बेनकाब किया जा सके।

आम चुनाव तक के चार-पांच महीने का समय इस सबके लिए बहुत थोड़ा भी नहीं है। अपनी मुंबई बैठक के फौरन बाद इंडिया गठबंधन जिस तरह से गति पकड़ रहा था, उस गति को दोबारा लाया जा सकता है, लाना ही होगा। विधानसभा चुनाव के इस चक्र का सबक यह भी है कि 2024 के चुनाव में, मोदी मैजिक के वास्तविक मुकाबले की स्थितियां बनाना इतना मुश्किल भी नहीं है। जीत की ये हैट्रिक अपनी जगह, 2024 में मोदी के आने की कोई गारंटी नहीं है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# भारतीय अर्थव्यवस्था विकास के पथ पर लेकिन नयी नौकरियां पैदा करने में असफल

■ के आर सुधामन

आजकल अर्थव्यवस्था पर एक घिसा-पिटा बयान दिया जाता है- भारत की अर्थव्यवस्था काफी अच्छी स्थिति में है जबकि कई अन्य देश लड़खड़ा रहे हैं, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है और भू-राजनीति स्थिति को बदतर बना रही है। यह सच है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह निराशाजनक दुनिया, खासकर यूरोप, मध्य-पूर्व और चीन के तुलना में अधिक तेजी से बढ़ रही है।

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु का कहना है कि इसमें संदेह करने की कोई बात नहीं है और भारत अब उचित रूप से एक उज्वल स्थान पर है। इसका मतलब यह है कि अर्थव्यवस्था के अच्छा प्रदर्शन करने और तथाकथित जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने की संभावना है। इसलिए सवाल यह है कि क्या नीति निर्माता इस लाभ को भुनाने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहे हैं। उत्तर निश्चित रूप से नहीं में है। वृहत-आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों के साथ कुछ मुद्दे हैं। इसके अलावा पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं हो रही हैं, खासकर युवाओं के बीच।

> एक कदम जिसे देश में तत्काल उठाये जाने की जरूरत है, वह है बचत और निवेश दरों को वापस सकल घरेलू उत्पाद का 38 से 39 प्रतिशत तक बढ़ाना। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समावेशी विकास के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या से निपटने के अलावा वृहद-आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी रहेगी। भारत में हमेशा 5 से 6 प्रतिशत बेरोजगारी दर रही है और यह एक प्रबंधनीय स्तर है।

बसु भारतीय अर्थव्यवस्था में एक अंतर्निहित कमजोरी की ओर इशारा करते हैं और बताते हैं कि हाल के वर्षों में बचत और निवेश दरों में लगातार गिरावट आई है। बसु का मानना है कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले यूपीए शासन के दौरान बचत और निवेश दरें सकल घरेलू उत्पाद के 38 से 39 प्रतिशत तक पहुंच गईं। इससे भारत को इस शताब्दी के पहले दशक में स्थिर मूल्य आधार वर्ष पर लगभग 9 प्रतिशत की उच्च विकास दर प्राप्त हुई। विशेष रूप से घरेलू बचत की उच्च बचत दर ने यह सुनिश्चित किया कि निवेश भी तदनुसार अधिक था जिसके परिणामस्वरूप कम वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात हुआ।

दुर्भाग्य से, बचत और निवेश दरें दोनों विशेष रूप से मोदी युग के दौरान गिर रही हैं और कोविड के वर्षों के दौरान 28 या 29 प्रतिशत के निचले स्तर तक गिर गई थीं। लेकिन अब अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के साथ थोड़ी तेजी आ रही है, जो स्वागत योग्य है। हालांकि, बसु बताते हैं कि यह अब 30 प्रतिशत के आसपास मंडरा रहा है, इसलिए निवेश दर की भी ऐसी ही स्थिति है, जो अर्थव्यवस्था के लिए पर्याप्त नहीं है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश में बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा हो, विशेष रूप से श्रम प्रधान उद्योगों में भारी निवेश की आवश्यकता है। लेकिन किसी तरह ऐसा नहीं हो रहा है। तथाकथित स्व-रोजगार के माध्यम से अल्प-रोज़गार भी बढ़ रही है। 35 साल से कम उम्र की आबादी के बड़े अनुपात वाले भारत के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। सीएमआईई डेटा से संकेत मिलता है कि बेरोजगारी, जो 5-6 प्रतिशत तक कम हो गई थी, अब फिर से बढ़ रही है। नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि यह अब 10 प्रतिशत के आसपास है।

कौशिक बसु के अनुसार, अधिक चिंताजनक बात यह है कि 15-22 वर्ष के आयु वर्ग में बेरोजगारी 22 प्रतिशत तक है। मध्य-पूर्व में 15-22 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी की संख्या भी इतनी अधिक थी। इससे तुरंत खतरे की घंटी बजनी चाहिए। जैसा कि कहा जाता है कि निष्क्रिय दिमाग शैतान का घर होता है। दुनिया भर के सशस्त्र बलों में, सैनिकों को कभी भी निष्क्रिय रहने की अनुमति नहीं दी जाती है और उन्हें हमेशा सुबह उठने के समय से ही कुछ न कुछ काम प्रदान किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अनुशासित रहें।

जब युवा व्यस्त नहीं होते हैं तो विघटनकारी प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। इस संदर्भ में अर्थव्यवस्था और समाज के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए रोजगार सृजन पर जोर देना बहुत महत्वपूर्ण है। रोजगार बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे में वित्त पोषण बढ़ाना महत्वपूर्ण है और सरकार साल दर साल सार्वजनिक व्यय बढ़ाकर अपना काम कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के बजट में सार्वजनिक व्यय को 2022-23 के 7.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक कर दिया है। यह एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है। निजी निवेश भी बढ़ रहा है। लेकिन चमड़ा, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण आदि जैसे श्रम प्रधान उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। साथ ही इन उद्योगों को पूरे देश में, विशेषकर छोटे कस्बों और शहरों में फैलाना होगा, ताकि ग्रामीण संकट को दूर किया जा सके। इलेक्ट्रॉनिक्स और विनिर्माण को बढ़ावा देना एक स्वागत योग्य कदम है क्योंकि इससे नौकरियां पैदा होती हैं, लेकिन ये उद्योग आमतौर पर बड़े शहरों और उसके आसपास स्थापित होते हैं क्योंकि इसके लिए कुशल और उच्च कुशल जनशक्ति की आवश्यकता होती है। ग्रामीण संकट से निपटने के लिए कौशल विकास को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। स्किल मैपिंग से क्षेत्र विशेष के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। इन पर कार्य प्रगति पर है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में सुधार हो रहा है। उन्नत देशों द्वारा चीन प्लस वन नीति अपनाने से विदेशी निवेश प्रवाह में भारत की ओर झुकाव हो रहा है। लेकिन विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दरें बढ़ने के साथ, उभरती अर्थव्यवस्थाओं से बहिर्वाह की संभावना है। हालांकि यह कुछ उभरती अर्थव्यवस्थाओं में हो रहा है। भारत से बहिर्वाह इस समय उतना महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के कई उद्योगपति भारतीय अर्थव्यवस्था को एक अवसर के रूप में देखते हैं। लेकिन अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के साथ, यह प्रवृत्ति कुछ ही समय में उलट हो सकती है। इसलिए इससे बचाव की जरूरत है।

एक कदम जिसे देश में तत्काल उठाये जाने की जरूरत है, वह है बचत और निवेश दरों को वापस सकल घरेलू उत्पाद का 38 से 39 प्रतिशत तक बढ़ाना। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समावेशी विकास के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या से निपटने के अलावा वृहद-आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी रहेगी। भारत में हमेशा 5 से 6 प्रतिशत बेरोजगारी दर रही है और यह एक प्रबंधनीय स्तर है। ध्यान देने वाली बात यह है कि युवाओं में बेरोजगारी, वह भी लगभग 20-22 प्रतिशत, परेशान करने वाली हो सकती है। सरकार को इस समस्या के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है ताकि भारत एक जीवंत अर्थव्यवस्था बना रहे।

## पावन प्रसंग

# पदार्थ से चेतना की ओर

विज्ञान ब्रह्मांड के मूल तत्व को गॉड पार्टिकल कहकर पुकारता है। दस अरब डॉलर खर्च करके 6 वैज्ञानिकों ने दिन-रात की मेहनत के बाद .यह दावा किया है कि सृष्टि की रचना में जिस जादुई कण ने बीज की बदौलत दुनिया है। आखिर हिग्स बोसोन है क्या? यह वही कण हैं जो प्रोटीन, इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रॉन को दुनिया बनाने की ताकत देता है। माना जाता है कि इस कण के बिना इस सृष्टि में किसी चीज का अस्तित्व ही नहीं हो सकता है। यह वह कण है, जो हर चीज में भार प्रदान करता है और खुद लुप्त हो जाता है, जो किसी चीज को अपने अंदर रख सकती है, अगर कुछ नहीं होगा तो फिर किसी चीज का अस्तित्व नहीं होगा; क्योंकि परमाणु उसके भीतर घूमते रहेंगे, लेकिन भार के बिना जुड़ेंगे ही नहीं। हिंग्स बोसोन उस अदृश्य शक्ति का मूर्तरूप है, जो स्पेस में हर वस्तु को भार देता है। इसके बगैर न तो किसी परमाणु का अस्तित्व है और न ही जिंदगी के बारे में सोचा जा सकता है।

विज्ञान की दुनिया में गॉड पार्टिकल की परिकल्पना सबसे पहले सन् 1964 में ब्रिटिश वैज्ञानिक पीटर हिग्स ने की थी, हिग्स बोसोन कण के नाम में 'हिग्स' पीटर हिग्स से लिया गया है; जबकि 'बोसोन' भारतीय वैज्ञानिक सत्येंद्र नाथ बोस के नाम से रखा गया है। सत्येंद्र नाथ बोस ने 20वीं शताब्दी के तीसरे दशक में महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के साथ मिलकर बोस-आइंस्टीन स्टेटिस्टिक्स और बोस-आइंस्टीन कंडेन्सेट की थ्योरी दी थी। क्वांटम फिजिक्स के क्षेत्र में बोस के उम्दा काम के सम्मान में ईश्वर कण का नाम 'हिग्स बोसोन' रखा गया है।

हमारी आध्यात्मिक परम्परा का केंद्रीय विचार हीह" कि कण-कण में ईश्वर का निवास है, इसीलिए हम सब में संभावनाओं का वास है, हम सबमें असीम ऊर्जा का संचालन है, हम सभी एक ईश्वर का हिस्सा हैं और हम सबमें दुनिया की सारी विविधता और सारी समानता एक साथ बसती है। यह अध्यात्म, विज्ञान से इतर नहीं है, बल्कि उसका विस्तार ही वह वजह है कि जहां विज्ञान की सीमा खतम होती है- अध्यात्म की सीमा वहीं से शुरू हो जाती है। हर महान आत्मा, कालजयी कार्य के पीछे एक चमत्कार होता है जिसकी परिकल्पना विज्ञान में नहीं है, लेकिन अध्यात्म में उसे आत्मसात करने की क्षमता है। अल्बर्ट आइंस्टीन और मैडम क्यूरी जैसे महान वैज्ञानिकों को भी अध्यात्म का ज्ञान था, उसकी अनुभूति थी। हिग्स बोसोन की खोज में हमें बताया है कि अध्यात्म का मूल विचार कण-कण में भगवान की उपस्थिति का वैज्ञानिक आधार है। गॉड पार्टिकल वही कण है, जो सृष्टि के मूल में है। इस खोज के बाद विज्ञान ने एक नई विधा की खोज की है, जिससे उसे नए आयामों को समझने में मदद मिलेगी। इस खोज के बाद विज्ञान को चमत्कार को समझने की समझ मिलेगी।

दरअसल विज्ञान और अध्यात्म में विरोधाभास नहीं है, ये दोनों वस्तुत: एक सिक्के के ही दो पहलू हैं। विज्ञान से हमें तार्किकता मिलती है तो अध्यात्म मानवीय भावनाओं से साक्षात्कार कराता है। विज्ञान हमें मशीन बनाना सिखाता है तो अध्यात्म हमें उस मशीन को भलाई के लिए इस्तेमाल करना सिखाता है। विज्ञान हमें मैं बनाता है तो अध्यात्म इस मैं को हम का हिस्सा बनाना सिखाता है।

विज्ञान स्वार्थ है तो अध्यात्म परमार्थ है। इसीलिए हमें ऐसा विज्ञान चाहिए, जिस पर अध्यात्म की परत चढ़ी हो। हमें बिजली चाहिए, हमें सुंदर मकान चाहिए, बड़ी-बड़ी गाड़ियां चाहिए, विलासिता के सारे सामान चाहिए। विज्ञान ने हमारे लिए यह सब संभव बनाया है। हर बड़ी खोज एक महान उत्पाद को जन्म देती है, जो हमारी जिंदगी पर असर डालती है। यह सब विज्ञान की ही देन है, लेकिन इन सबके लिए हमें एक कीमत चुकानी पड़ती है। किसी बड़ी फैक्टरी का परिणाम भोपाल हादसे के रूप में होता है तो किसी कालजयी परमाणु शक्ति बनने की तमन्ना के बायप्रोडक्ट में चेरनोबिल हादसे से रूबरू भी होना पड़ता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# मानवीय शक्ति और प्राकृतिक संसाधन, विकास और प्रगति के पहिये सार्थक समुचित उपयोग की दरकार

जब भी हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानि कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग-धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है। उद्योगों की चिमनियों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कलकल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कम्प्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे-मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा-भरा हिंदुस्तान यानि कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी न मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने, महानगर बने, मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत! हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन, पानी, हरियाली, पक्षी, जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कांक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव के लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा, सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची-ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक-युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानि कि इतनी डिजिटल विषमताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव, जंगलों, नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत की हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ, साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम, थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टियां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 141 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

**संजीव ठाकुर**

# भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यालय में मना जश्न, पटाखे फोड़े, मिठाई बांटी





**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न का माहौल था। यहां कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़े और मिठाईयां बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। मतों की गिनती के दौरान जैसे-जैसे पार्टी को बढ़त मिलती गई पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं प्रदेश कार्यालय पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गए। दोपहर तक स्पष्ट रुझान भाजपा के पक्ष में आने के बाद कार्यकर्ताओं का जोश देखते बनता था। यहां ढोल नगाड़े लेकर कार्यकर्ता पहुंचे और जमकर नृत्य किया। ऐतिहासिक जीत पर खुशी का आलम यह था कि कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को कंधे पर उठा लिया। पूरा इलाका पटाखों की आवाज और भाजपा जिंदाबाद के नारों से गूंज रहा था।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा, सांसद सुश्री प्रज्ञा सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, राहुल कोठारी, लोकेन्द्र पाराशर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जुगल किशोर शर्मा, श्रीमती क्षमा त्रिपाठी, पूर्व सांसद आलोक संजर, निगम मंडल अध्यक्ष विनोद गोटिया, शैलेन्द्र बरूआ, शैलेन्द्र शर्मा, शैतान सिंह पाल, विजय दुबे, प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी, नरेन्द्र सलूजा, मिलन भार्गव, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी, युवा मोर्चा



प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, सोशल मीडिया विभाग के संयोजक अभिषेक शर्मा, आईटी विभाग के प्रदेश संयोजक अमन शुक्ला, भोपाल जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, सुनील पाण्डे, भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, अभय प्रताप सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, उमाकांत दीक्षित, श्याम बंसल, एसएस उप्पल, विजय अटवाल, पेनालिस्ट सचिन वर्मा, श्रीमती वंदना त्रिपाठी, शिवम शुक्ला, सत्येन्द्र जैन, रामदयाल प्रजापति व पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डबल इंजन सरकार के काम को मिला आशीर्वाद : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एमपी के मन में और देश के दिल में बसे हैं। प्रदेश को लगातार उनका प्यार और आशीर्वाद मिला है तथा प्रदेश की जनता भी उनके प्रति अगाध विश्वास और श्रद्धा रखती है। इसी श्रद्धा और विश्वास के चलते प्रधानमंत्री ने जो गारंटी दी, जनता ने उस पर भी विश्वास किया और भाजपा पर भरपूर प्यार और आशीर्वाद लुटाया है। श्री चौहान ने प्रदेश में पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत को डबल इंजन सरकार के कामों को मिला आशीर्वाद बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा को एक बार फिर शानदार जीत मिली है। उन्होंने कहा कि हमने हर वर्ग के कल्याण के लिए लाड़ली बहना योजना, सीखो कमाओ योजना जैसी जो योजनाएं बनाईं और केंद्र सरकार की योजनाओं का जिस तरह से क्रियान्वयन किया है। श्री चौहान ने कहा कि हम सभी जनता को यह विश्वास दिलाते हैं कि जनता को दिया गया एक-एक वचन पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में देश के गृहमंत्री और कुशल रणनीतिकार अमित शाह ने जीत की रणनीति तैयार की। हमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कुशल मार्गदर्शन मिला। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और हम सभी लोगों ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया, मेहनत की। यह जीत उसी का परिणाम है और इसके लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं।

## कल्याणकारी योजनाओं, रणनीति और सामूहिक नेतृत्व की जीत : शर्मा

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार, रणनीति व सामूहिक नेतृत्व से यह जीत मिली है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व और रणनीति की वजह से भाजपा एक बार फिर प्रचंड बहुमत से सरकार बना रही है। इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को बहुत-बहुत धन्यवाद। केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकारों की नीतियों और विकास तथा गरीब कल्याण के कार्यों के लिए जनता ने पार्टी को आशीर्वाद दिया है।

### भाजपा की जीत पर पार्टी मुख्यालय पहुंचे मोदी, बोले

# आत्मनिर्भर भारत की जीत हुई



**विपक्ष पर साधा निशाना, ये लोग जाति के नाम पर बांट रहे**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के चुनाव को लेकर लोगों को धन्यवाद करते हुए विपक्ष पर रविवार को जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि ये लोग समाज को जाति के नाम पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में समाज को जातियों में बांटने की खूब कोशिश हुई। लेकिन मैं लगातार कह रहा था कि मेरे लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां हैं. ये हैं हमारी नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और गरीब परिवार। इन चार जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है। आज बड़ी संख्या में ओबीसी और आदिवासी इसी जाति में आते हैं। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संवोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज की विजय ऐताहिसिक है। सबका साथ, सबका विकास की भावना की जीत हुई है। विकसित भारत के आह्वान की जीत हुई है। आत्मनिर्भर भारत की जीत हुई है। आज भारत के विकास के लिए राज्यों के विकास की सोच की जीत हुई है। आज ईमानदारी की जीत हूई है।

### राहुल बोले, विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी

# मप्र, छत्तीसगढ़ व राजस्थान का जनादेश विनम्रता से स्वीकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में पार्टी को बहुमत से जीतने के लिए वहां की जनता का आभार व्यक्त किया लेकिन कहा कि वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिले जनादेश को विनम्रता पूरक स्वीकार करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी लड़ाई विचारधारा की है और यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस को बहुमत देने के लिए वहां के मतदाताओं का आभार जताया और कहा 'तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद - प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम ज़रूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को

## तेलंगाना में मतदाताओं का आभार जताया

उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया।' इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने कहा कि जिन राज्यों में पार्टी को हार मिली है वहां जल्द ही पार्टी फिर मजबूती के साथ खड़ी होगी। उन्होंने कहा, ठीक 20 साल पहले भी कांग्रेस को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। उस वक्त हमें सिर्फ दिल्ली में जीत मिली थी। लेकिन कुछ ही महीनों में ज़ोरदार ढंग से वापसी करते हुए कांग्रेस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और केंद्र में सरकार बनाई। आशा, विश्वास, धैर्य और दृढ़ संकल्प साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैयारी करेगी।

## कांग्रेस ने 6 को बुलाई इंडिया गठबंधन की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चार राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अगले साल होने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। खबर है कि मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई है। ये बैठक 6 दिसम्बर को राजधानी दिल्ली में होगी। इस बैठक में पूरे घटक दलों के बजाए समन्वय समिति में शामिल दलों के नेता शामिल होंगे। जिसमें लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। माना जा रहा हा कि चार राज्यों के नतीजों का असर इंडिया गठबंधन के समीकरण पर भी पड़ सकता है। दरअसल सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन में भी तालमेल नहीं बैठ पा रहा है। विधानसभा चुनाव से पहले ही समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सीटों के बंटवारे को लेकर बात करना चाह रही थी। लेकिन उस समय कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव का हवाला देकर बात टाल दी थी। उधर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इंडिया गठबंधन में 2024 के एजेंडे पर कांग्रेस के हल्के रुख पर सवाल उठा रहे थे। नीतीश ने खुले मंच से कह दिया था कि कांग्रेस राज्यों के चुनावों में व्यस्त हैं। अब जबकि विधानसभा चुनावों के नतीजे आ गए हैं, इस बीच खरगे ने लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक बुला ली है।

# भोपाल में 5 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा तो 2 में कांग्रेस उम्मीदवार जीते

**भोपाल, देशबन्धु। भोपाल की सभी सात विधानसभा क्षेत्र के नतीजे आ गए हैं। इनमें से 5 क्षेत्रों में भाजपा तो 2 क्षेत्रों में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। भोपाल उत्तर से कांग्रेस प्रत्याशी आतिफ अकील ने भाजपा के आलोक शर्मा को, मध्य से कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद ने भाजपा के ध्रुवनारायण सिंह को, नरेला से भाजपा के विश्वास सारंग ने कांग्रेस के मनोज शुक्ला को बैरसिया से भाजपा के विष्णु खत्री ने कांग्रेस की जयश्री हरिकिरण को, हुजूर से भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस के नरेश ज्ञानचंदानी को दक्षिण-पश्चिम से भाजपा के भगवान दास सबनानी ने पीसी शर्मा को शिकस्त दी है। इसके साथ ही भोपाल को उत्तर और दक्षिण-पश्चिम से दो नए चेहरे विधायक के रूप में मिले हैं। कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री आरिफ अकील के बेटे आतिफ अकील अपने पिता के विधानसभा क्षेत्र भोपाल उत्तर से पहली बार विधायक चुने गए हैं। उधर, दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र भाजपा ने कांग्रेस से छीन लिया है। यहां से भाजपा प्रत्याशी भगवान दास सबनानी जीत दर्ज की है।**

## नरेला में भाजपा के विश्वास ने जीत का चौका लगाया



नरेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विश्वास सारंग ने कांग्रेस के मनोज शुक्ला को 24 हजार 199 मतों से हराकर जीत का चौका पूरा किया है। विश्वास सारंग को 123 हजार 488 मत और कांग्रेस के मनोज शुक्ला को 99 हजार 289 मत मिले है। इससे पहले तीनों बार यहां से भाजपा के विश्वास सारंग चुनकर विधान सभा पहुंचे और उन्हें कैबिनेट मंत्री बनने का अवसर भी प्राप्त हुआ। श्री सारंग 2008 में पहली बार में महापौर रहे सुनील सूद को तीन हजार से अधिक मतों से हराकर विधायक बने थे। हार के अंतर के चलते 2013 को भी कांग्रेस ने सुनील सूद को अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार परिपक्व हो चुके सारंग ने सूद को 26 हजार से अधिक मतों से करारी मात देकर उनके राजनैतिक करियर पर ही विराम लगा दिया था। 2018 में कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बदला और महेन्द्र सिंह चौहान को मैदान में उतारा, लेकिन इससे विश्वास के विजयी क्रम को कोई फर्क नहीं पड़ा और विश्वास ने अपनी हैट्रिक पूरी की कि।

## मध्य से कांग्रेस के आरिफ मसूद दूसरी बार जीते




मध्य विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के आरिफ मसूद ने अपने निकटतम प्रतिदंद्वी भाजपा के ध्रुवनारायण सिंह को 15 हजार 891 मतों से हराया। आरिफ मसूद को को 82 हजार 371 व ध्रुवनारायण सिंह को 66 हजार 480 मत प्राप्त हुए। वह दूसरी बार विधायक बने। भोपाल के शहर पुराने और नए शहर को जोड़ने वाली मध्य विधानसभा क्षेत्र से 2008 में परिसिमन के कारण अस्तिव में आई है। 2008 में भाजपा के ध्रुवनारायण सिंह ने नासिर इस्लाम को दो हजार से अधिक मतो से पराजित किया था, 2013 में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने उम्मीदवार बदले। भाजपा ने सुरेंद्रनाथ सिंह को कांग्रेस ने आरिफ मसूद को मैदान में उतारा। सुरेंद्रनाथ सिंह ने 6 हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज की। 2018 में भी यह दोनों प्रतिद्वंद्वी मैदान में थे, इस बार आरिफ मसूद ने बाजी मारी 14 हजार मतों से जीत दर्ज कर अपना सिक्का जमाया।

## दक्षिण-पश्चिम में भाजपा के भगवान दास जीते



दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के भगवान दास सबनानी ने कांग्रेस के पीसी शर्मा को 15 हजार 833 मतों के अंतर से हरा दिया। सबनानी को 76 हजार 689 मत मिले है, वहीं शर्मा को 60 हजार 856 मत मिले। गौरतलब है कि दक्षिण-पश्चिम शहर की हाइप्रोफाइल सीट है। यहां चार इमली, अरेरा कालोनी, 10 नंबर, 11 नंबर, चूनाभट्टी और शाहपुरा समेत अन्य वीआइपी क्षेत्र शामिल है। जहां बड़ी संख्या में आइएएस और आइपीएस के साथ नेता-मंत्री निवास करते हैं। इसके साथ ही यहां के अधिकतर मतदाता सरकारी कर्मचारी हैं, जबकि कुछ हिस्से में झुग्गी बस्तियां हैं। 1990 के बाद से अब तक आठ विधानसभा चुनावों में यहां 1998 और 2018 में केवल दो बार ही कांग्रेस का विजय मिली है। इसमें भी दोनों बार कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा ने जीत दर्ज की थी। हालांकि इस बार भी श्री शर्मा को फिर उम्मीद थी कि उन्हें जन अपना समर्थन देगी। लेकिन इस बार जनता के मन में बदलाव था, जो मतदान में खुलकर सामने आया।

## भाजपा के किले बैरसिया से विष्णु खत्री तीसरी बार जीते



भाजपा के अभेद किले के रूप में माना जाने वाला जिले के बैरसिया विधानसभा क्षेत्र को आखिर कांग्रेस नहीं भेद पाई और मतदाताओं ने एक बार फिर भाजपा को पांच साल के लिए बैरसिया की सत्ता सौंप दी है। यहां से भाजपा के विष्णु खत्री तीसरी बार विधायक होंगे। श्री खत्री ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की जयश्री हरिकरण 25 हजार 515 मतों से हराया। खत्री को एक लाख सात हजार 267 मत मिले तो वहीं जयश्री को 81 हजार 772 मत मिले हैं। पिछले विधानसभा चुनाव 2018 में विष्णु खत्री को 77 हजार 814 और जयश्री हरिकरण को 64 हजार 35 मत मिले थे। ऐसे में विष्णु खत्री 13 हजार 779 मत से विजय हुए थे। खत्री ने इस बार जयश्री को 25 हजार 515 मतों से हराया। इस बार खत्री को 2018 की अपेक्षा 11 हजार 736 मत अधिक मिले हैं।

## उत्तर क्षेत्र से आतिफ अकील पहली बार जीते



भोपाल उत्तर विधान सभा क्षेत्र में पिछले तीन दशक से कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। लेकिन इस बार क्षेत्र से कांग्रेस के आतिफ अकील पहली बार जीते। आतिफ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के आलोक शर्मा को 27 हजार 86 मतों से हराया। आतिफ को 96 हजार 125 तो आलोक शर्मा को 69 हजार 138 मत मिले। मुस्लिम मतदाता बहुल इस क्षेत्र में छह बार के विधायक आरिफ अकील ने इस बार स्वस्थ्य कारणों से चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। लिहाजा कांग्रेस ने उनकी जगह बेटे आतिफ अकील को मैदान में उतारा। पार्टी के इस फैसले से आरिफ के भाई आमिर अकील और नासिर इस्लाम ने पार्टी का साथ छोड़कर निर्दलीय चुनाव में उतर गए थे। इसके साथ ही पूर्व पार्षद साउद ने भी आप का हाथ थाम लिया था। वहीं भाजपा ने पूर्व महापौर आलोक शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा को उम्मीद थीं कि तीस साल बाद वह इस क्षेत्र में परचम पहरा सकती है। लेकिन उसके मंसूबे पूरे नहीं हो सके। इस क्षेत्र में भाजपा के रमेश शर्मा ने 1993 में जीत थी। इसके बाद से आरिफ अकील लगातार जीतते आ रहे है, इस दौरान उन्होंने कई दिग्गजों को धूल चटाई है।

## गोविंदपुरा से 10वीं बार भी गौर ही

गोविंदपुरा विधान सभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर ने 1 लाख 6 हजार 335 मतों से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार रविंद्र साहू को हराया। इसके साथ ही कृष्णा गोविंदपुरा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक चुनी गई हैं। इसेस पहले उनके ससुर बाबूलाल गौर इसी क्षेत्र में आठ बार विधायक रह चुके हैं। जीत के बाद कृष्णा गौर ने अपनी जीत को लाड़ली बहनों का संकल्प बताया। कहा- प्रचंड बहुमत की सरकार बनी है। लाड़ली बहनों ने यह संकल्प ले लिया था कि मप्र में भाजपा की सरकार बनाना है।




**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सागर म.प्र.**

दूरभाष क्रमांक 07582/220599
ईमेल-deosag-mp@nic.in
क्रं./जि.शि.अ./क्रीड़ा/निविदा/2023/8530 सागर, दिनांक 04.12.23

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वर्ष 2023-24 शैक्षणिक सत्र में संभाग/राज्य एवं राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में खिलाड़ियों के आवास, उद्घाटन, समापन स्थल व खेल मैदानों में टेंट सामग्री, भोजन इत्यादी की आवश्यकता होगी, इस हेतु इच्छुक (रजिस्टर्ड)फर्म से भोजन/टेंट की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्ते कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सागर के क्रीड़ा कक्ष से दिनांक 05.12.2023 से 08.12.2023 तक दो सौ रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है, एवं दिनांक 08.12.2023 तक कार्यालयीन समय में जमा की जा सकेगी।

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**जिला सागर**



**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

क्रमांक 2359/स.अ./ आवंटन/ सागर/2023 दिनांक 04.12.2023

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी पं. दीनदयाल नगर सागर में स्थित भवन क्रमांक एमआईजी द्वितीय 89 मंडल द्वारा श्री रामसरोज उपाध्याय पिता श्री श्री.बी.एल. उपाध्याय को आवंटित किया गया था। जिसका विक्रय विलेख मंडल द्वारा 31.03.1999 को निष्पादित कराया गया। श्री रामसरोज उपाध्याय पिता श्री श्री बी एल उपाध्याय द्वारा उक्त भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 30.06.2009 के माध्यम से श्री चंद्रप्रकाश लखेरा पिता श्री कन्हैयालाल लखेरा को विक्रय किया। श्री चंद्रप्रकाश लखेरा पिता श्री कन्हैयालाल लखेरा का स्वर्गवास दिनांक 13.06.2023 को हो जाने उपरांत श्रीमती अर्चना लखेरा पति स्व.श्री चंद्रप्रकाश लखेरा द्वारा नामिनेशन के आधार पर उक्त भूखण्ड/ भवन स्वयं के नाम से नामांतरित/हस्तांतरित कराने हेतु आवेदन/दस्तावेज/शपथ पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गये है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तांतरण/नामांतरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

### सुश्री उमा भारती के भतीजे राहुल की शिकस्त से करारा झटका, राकेश गिरी भी हारे

# टीकमगढ़, खरगापुर में कांग्रेस और जतारा में भाजपा ने फहराया परचम









**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 के मतदान के पश्चात लगाई जा रही अटकलों का दौर बीती रात मतगणना के साथ ही समाप्त हो गया। जिले की तीन विधानसभा के लिए हुई मतगणना के पश्चात घोषित हुए परिणामों में टीकमगढ़ से पूर्व मंत्री यादवेन्द्र सिंह, खरगापुर से श्रीमती चंदा-सुरेन्द्र सिंह गौर और जतारा से बीजेपी के प्रदेश महामंत्री हरिशंकर खटीक ने अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर चुनाव जीत लिये हैं। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी छा गई और आतिशबाजी, डीजे के साथ ही नारेबाजी की जाने लगी। यहां बता दें कि कांग्रेस उम्मीदवार यादवेन्द्र सिंह ने टीकमगढ़ विधानसभा से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राकेश गिरी बीजेपी उम्मीदवार को पराजित किया। यादवेन्द्र सिंह को कुल 83397 और बीजेपी उम्मीदवार राकेश गिरी को 74279 मत प्राप्त हुए। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवार केके श्रीवास्तव 8672 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यहां सपा, बसपा सहित अन्य दलों के उम्मीदवार अपनी जमानत भी नहीं बचा सके। टीकमगढ़ विधानसभा से कुल 22 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे थे। मतगणना के दौरान 19 राउंड की मतगणना के दौरान यहां मतगणना स्थल पर लोग परिणामों को लिए टकटकी लगाए रहे। स्थली के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। आने-जाने वालों की भी चैकिंग की जाती रही। टीकमगढ़ एवं खरगापुर विधानसभा में लाडली बहिना योजना ने भी कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ा और खरगापुर से सुश्री उमा भारती के भतीजे राज्यमंत्री राहुल लोधी एवं टीकमगढ़ से बीजेपी के निर्वतमान विधायक राकेश गिरी को हार का मुंह देखना पड़ा। देर रात चुनाव परिणाम घोषित होने के साथ ही डीजे की धुनों पर श्री सिंह के समर्थक आतिशबाजी करते नजर आए। उन्होंने श्री यादवेन्द्र सिंह को बधाई देने के साथ ही मिठाईयां बांटी। रास्ते में जगह-जगह श्री सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया। मतगणना केन्द्र पर मौजूद उनके समर्थकों एवं अन्य लोगों ने श्री सिंह को बधाईयां दीं। देर रात तक नव निर्वाचित विधायक श्री सिंह के निवास पर लोगों का मजमा लगा रहा। यहां लोगों ने जमकर डीजे की धुनों पर डांस किया। आज सुबह से भी यहां उनके निवास पर लोगों की भीड़ जमा रही। विधायक श्री सिंह ने इस जीत को जनता की जीत बताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ ही लोगों की समस्याओं को दूर करने में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी। श्री सिंह के 9122 मतों से चुनाव जीतने की खुशी कार्यकर्ताओं एवं परिजनों के चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रही है। मतदान केन्द्र से विजयी जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। जिसमें बढ़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नगरवासी मौजूद रहे। यह जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री सिंह के निवास पर जाकर समाप्त हुआ, जहां जमकर आतिशबाजी करने के साथ ही मिठाईयां बांटी गई।

## यादवेन्द्र सिंह, खरगापुर से चंदा-सुरेन्द्र सिंह और जतारा से हरिशंकर विजयी

## खरगापुर और जतारा में जश्न का माहौल

सुश्री उमा भारती पूर्व मुख्यमंत्री के भतीजे और राज्यमंत्री राहुल सिंह लोधी को मिली करारी हार से जहां बीजेपी कार्यकर्ताओं में उदासी का माहौल है, तो वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता श्रीमती चंदा-सुरेन्द्र सिंह गौर की जीत से खुश है। उनकी जीत की खबर मिलते ही यहां खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के अलावा उनके निवास स्थली जतारा में जीत का जोरदार जश्न मनाया जा रहा है। बीती रात ही यहां आतिशबाजी की गई। श्रीमती सिंह एवं गौर बंधुओं को लोगों ने जीत पर बधाईयां दीं। श्रीमती गौर ने खरगापुर विधानसभा से दूसरी बार चुनाव जीतकर कांग्रेस खेमें में खुशी का अवसर प्रदान किया है। यहां जतारा एवं खरगापुर के कांग्रेस कार्यकर्ता जतारा में मिली कांग्रेस की हार को भूलकर श्री गौर की जीत का जश्न मनाने में लगा रहा। यहां बता दें कि कांग्रेस की उम्मीदवार श्रीमती चंदा-सुरेन्द्र सिंह गौर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राहुल सिंह लोधी को 8117 मतों से पराजित किया। उन्हें कुल 83137 मत प्राप्त हुए। वहीं बीजेपी उम्मीदवार राहुल सिंह को 75440 मत हासिल हुए। मतगणना स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गणना के दौरान शुरू से ही खुशी देखी गई। बेहतर बढ़त के साथ वह आगे बढ़ते गए। यहां गौर समर्थकों में खुशी का माहौल बना हुआ है। गौर निवास पर बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। श्री गौर बंधुओं ने इस जीत के लिए क्षेत्र की जनता का आभार जताया और अपना आशीर्वाद इसी प्रकार गौर परिवार पर बनाए रहने का आग्रह किया।

## पूर्व राज्यमंत्री हरिशंकर ने फिर फहराया जीत का परचम

आरक्षित सीट जतारा से बीजेपी के उम्मीदवार एवं पूर्व राज्यमंत्री हरिशंकर खटीक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की उम्मीदवार किरण अहिरवार को पराजित कर चुनाव जीत लिया है। उन्होंने श्रीमती अहिरवार को 11389 मतों से पराजित किया। यहां जिला मुख्यालय पर सुबह से ही गणना के दौरान समर्थकों की सांसे थमें रहीं। श्री खटीक की जीत ने यहां जिले में बीजेपी की नाक बचाने का काम किया है। कांग्रेस ने जिले की ऐसी दो सीटों टीकमगढ़ एवं खरगापुर पर कब्जा कर लिया है, जो पूर्व में बीजेपी के कब्जे में थीं। यहां जीत के बाद हरिशंकर खटीक को मतगणना स्थल के बाहर बने मंच पर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान श्री खटीक ने इस जीत को जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की जीत बताया। उन्होंने कहा कि लोगों ने विकास एवं बीजेपी की कल्याणकारी योजनाओं को देखते हुए बीजेपी का साथ दिया है। आगे अधूरे पड़े विकास कार्यो को पूरा कराया जाएगा। उन्होंने सहयोग के प्रति सभी का आभार व्यक्त किया। यहां बता दें कि बीजेपी उम्मीदवार हरिशंकर खटीक को 74476 एवं कांग्रेस उम्मीदवार श्रीमती किरण अहिरवार को 63106 मत प्राप्त हुए। हरिशंकर की जीत और बीजेपी को मिले पूर्ण बहुमत को लेकर यहां कार्यकर्ताओं में खुशी बनी हुई है। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए श्री खटीक को बधाईयां दी। जगह-जगह जश्न का माहौल बना हुआ है। लोगों ने आतिशबाजी करते हुए श्री खटीक की शानदार जीत पर खुशी का इजहार किया। प्रमाण लेते समय हरिशंकर खटीक के साथ ही अमित नुना, किशन पटैरिया,, प्रशांत खरे मंडल अध्यक्ष, रिंकू पठान, सुनील खटीक, रिषी राजा, लोकन्द्र सिंह, रोहित खटीक, अमित सिंह पायक, प्रीति शर्मा, सरोज राजपूत, प्रमोद यादव नादिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। यहां समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार आरआर वंसल 14557 मतों को हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे।

## भगवान भोले नाथ का लिया नव निर्वाचित विधायकों ने आशीर्वाद

चुनाव जीतने के बाद नव निर्वाचित विधायक यादवेन्द्र सिंह टीकमगढ़ एवं हरिशंकर खटीक जतारा ने निकटवर्ती तीर्थ स्थली कुंडेश्वर पहुंचकर भगवान कूंडादेव महादेव का आशीर्वाद लिया। कांग्रेस विधायक श्री सिंह एवं बीजेपी विधायक हरिशंकर के साथ उनके समर्थक भी मौजूद रहे। इस दौरान विधायकों ने यहां जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर भी माथा टेका और आशीर्वाद लिया। इस दौरान ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कर बधाईयां दीं।

टीकमगढ़ में 2.25 लाख वोटर
कुल मतदाता- 2.25.671
पुरुष- 1.17.563
महिला- 1.08.105
अन्य- 3
पुरुष- 79.95 प्रतिशत
महिला 76.90 प्रतिशत
मतदान हुआ- 78.49 प्रतिशत
वोट मिले
भाजपा- 73986
कांग्रेस- 82364
आप- 00
अन्य- 19619
नोटा- 458

## डाक मत में भाजपा को सिर्फ293 वोट ही मिले

पुरानी पेंशन योजना को लेकर कर्मचारियों ने भाजपा के विरोध में वोटिंग की। जिसके तहत टीकमगढ़ में कांग्रेस के यादवेंद्र सिंह बुंदेला को 1033 और भाजपा के राकेश गिरी को सिर्फ293 वोट मिले। निर्दलीय प्रत्याशी केके श्रीवास्तव को भी 137 वोट डाकमत से मिले।

भाजपा- 293
कांग्रेस - 1033
अन्य -147
नोटा- 10
कुल वोट पड़े- 1497
जतारा में 2.20 लाख मतदाता- 2.20.483
कुल मतदाता पुरुष- 1.14.777
महिला- 3
अन्य- 1.05.703
महिला- 73.47 प्रतिशत
पुरुष- 77.23 प्रतिशत
मतदान हुआ- 75.42 प्रतिशत
वोट मिले
भाजपा- 75309
कांग्रेस- 63963
अन्य- 24323
नोटा- 1074

## डाक मत में कांग्रेस को 580 और भाजपा के पक्ष में सिर्फ 265 मत पड़े

पुरानी पेंशन योजना को लेकर कर्मचारियों ने भाजपा के विरोध में वोटिंग की। जिसके तहत जतारा में कांग्रेस की किरण अहिरवार को 580 और भाजपा के हरिशंकर खटीक को सिर्फ265 वोट मिले। इसके अलावा अन्य प्रत्याशियों

भाजपा- 265
कांग्रेस- 580
अन्य- 43
नोट- 1
कुल वोट पड़े- 956
खरगापुर में 2.49 लाख वोटर
कुल मतदाता- 2.49.795
पुरुष- 1.31.400
महिला- 1.18.393
अन्य- 2
महिला 73.42 प्रतिशत
पुरुष 76.98 प्रतिशत
मतदान हुआ- 75.29 प्रतिशत
वोट मिले
भाजपा- 75440
कांग्रेस- 83137
आप- 27268
अन्य- 27268
नोटा- 2236

## डाक मत कांग्रेस को 602 और भाजपा के पक्ष में 182 मत पड़े

पुरानी पेंशन योजना को लेकर कर्मचारियों ने भाजपा के विरोध में वोटिंग की। जिसके तहत कांग्रेस की चंदा सिंह गौर को 602 और भाजपा के राहुल सिंह लोधी को सिर्फ182 वोट मिले। एवं अन्य को 68 वोट मिले।

भाजपा 182
कांग्रेस 602
अन्य 67
कुल वोट पड़े- 851

### 8 दिसम्बर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# भैरव अष्टमी पर पूजा-अर्चना के साथ हुई धार्मिक पूजा-अर्चना



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय भैरव मुहल्ला में भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस आयोजन का श्रीगणेश आज बढ़ी ही धूमधाम से किया गया। बताया गया है कि नगर के श्री श्री 1008 श्री महाकाल भैरव मंदिर पर श्री भैरव अष्टमी का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आज कार्यक्रम 4 दिसंबर आरंभ होकर आगामी 8 दिसंबर तक चलेगा। बताया गया है कि आज यहां 4 दिसंबर को गणेश पूजन, कलश स्थापना, पीठादिक आवाहन पूजन किया गया। इस अवसर पर बढ़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसी प्रकार 5 दिसंबर को पीठ पूजन, श्री काल भैरव महाभिषेक पूजन, महाआरती एवं छप्पन भोग, प्रसाद वितरण एवं 6 दिसंबर को पीठ पूजन, हवन पूर्णाहुत एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। बताया गया है कि 7 दिसंबर सुंदरकांड पाठ, सांयकाल आरती प्रसाद वितरण एवं 8 दिसंबर 2023 को श्री बांके बिहारी संकीर्तन मंडल द्वारा रात्रि कालीन अखण्ड रामधुन, प्रसाद वितरण व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक कार्यक्रम आचार्य पंडित रमाकांत मिश्रा व पंडित मोहन राव व अन्य आचार्यो द्वारा किया जा रहा है। मंदिर पुजारी मोहन राव पालेकर ने बताया कि भैरव अष्टमी पर श्री महाकाल भैरव मंदिर पर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 4 दिसंबर 2023 से 8 दिसंबर 2023 तक धार्मिक कार्यक्रम किए गए, जिसमें पीठ पूजन, श्री भैरव महाभिषेक पूजन, हवन पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण, सुंदरकांड पाठ, राम धुन आदि शामिल रहे। उन्होंने नगर सहित आसपास के भक्तजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## 3 राज्यों में पूर्ण बहुमत से सरकार बनने पर भारतीय जनता पार्टी ने मनाई खुशियां

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के गांधी चौराहे पर पूर्व विधायक राकेश गिरी ने सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर आतिशबाजी कर एवं सभी को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। साथ ही सभी ने सरकार बनने पर एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। वही इस दौरान पूर्व विधायक राकेश गिरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्यों में अपनी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाए जिसको लेकर आज हम सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने आतिशबाजी कर सहित सभी को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाएं। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभय यादव, प्रतेंद्र सिंघई, हरप्रसाद कुशवाहा, ब्रजकिशोर तिवारी, श्याम यादव, प्रजातंत्र गंगेले, ज्ञानेंद्र सिंह, पंकज प्रजापति, जनविजय तिवारी, राजीव जैन, गोविंद प्रजापति, अनिल बड़कुल, बलवीर जोशी, मुन्नी लाल यादव, जगजीवन प्रजापति, विकास यादव, नरेश तिवारी, बृजेंद्र लोधी, सुनील नामदेव, काशीराम कुशवाहा, ब्रजेश कुशवाहा, जैकी यादव, अशोक मैडी राय सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मनमाने दामों पर बेची जा रही खाद, प्रशासन की मौन स्वीकृति पर दिखी नाराजगी

### किसानों ने लगाए आरोप, एफआईआर दर्ज करने पर दिया जोर



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** खरगापुर नगर के कुड़ीला रोड पर पंकज दीक्षित द्वारा अपनी दुकान से बिना लाईसेंस के खाद की बिक्री कर खाद की कालाबाजारी खुलेआम धड़ल्ले से की जा रही है। इनके यहां से यूरिया और डीएपी खाद को महंगे और मनमाने दाम पर किसने को बेचा जा रहा है। यह सब जानकारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सहित कृषि विभाग के तमाम अधिकारियों को होने के बावजूद भी विभाग के अधिकारियों द्वारा अभी तक पंकज दीक्षित पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उल्लेखनीय की विगत वर्ष पहले खाद की काला बाजारी करने पर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा पंकज दीक्षित का लाइसेंस निरस्त कर एफ आईआर करने की निर्देश दिए थे। इसके बाद भी इनके द्वारा लगातार खाद की कालाबाजारी कर मनमाने दामों पर खाद बिक्री की जा रही है। शासन के नियम अनुसार डीएपी एवं यूरिया खाद की बिक्री बिना लाईसेंस और पंजीयन के नहीं की जा सकती। लेकिन खरगापुर में नियम को दरकिनार कर खाद की कालाबाजारी की जा रही है। यहां किसानों को यूरिया की बोरी 450 रूपए में दी जा रही है। तो डीएपी की बोरी मूल्य से 1600 रूपए ज्यादा में दी जा रही है। किसान रामस्वरूप लोधी, शंकर यादव, राजेंद्र यादव आदि ने बताया कि खरगापुर में कुड़ीला रोड पर पंकज दीक्षित द्वारा अपनी दुकान से बिना लाईसेंस के यूरिया एवं डीएपी खाद की कालाबाजारी की जा रही है। यूरिया खाद की बोरी 400 से 4500 रुपए तक की बिना पर्ची रसीद के देते हैं। इसी प्रकार डीएपी खाद की बिक्री 1600 से 1650 रुपए तक बेंची जा रही है। मजबूरी है कि गेहूं सहित अन्य फसलों में यूरिया एवं डीएपी खाद को खेतों में डालना पड़ता है। अन्यथा उपज आधी तिहाई रह जाती है। बिना लाइसेंस के उर्वरक की बिक्री पर कृषि विभाग द्वारा कोई रोक न लगाया जाने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कृषि विभाग के अधिकारियों से बात कर सभी खाद दुकानों के लाइसेंसों की जांच करवाता हूं और पंकज दीक्षित के लाइसेंस की भी जांच करवाता हूं जांच के बाद नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

# पत्नी की तलाश में घूम रहा पति, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के धरमपुर थाना अन्तर्गत ग्राम पैकनपुर निवासी विजय सिंह लोध पिता मईयादीन लोध ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देते हुए बताया कि मेरी पत्नी 14 अक्टूबर 2023 को सुबह 9-10 के बीच घर से आंगनबाडी केन्द्र पैकनपुर जाने का कहकर घर से चली गई थी। जिसका आज दिनांक तक पता नही चला है। थाना में सूचना देने के बाद कोई कार्यवाही नही की जा रही है। आवेदक ने बताया कि 14 अक्टूबर 2023 को ही थाना धरमपुर में अपनी पत्नी के गायब होने की सूचना दी थी, लेकिन थाना धरमपुर द्वारा कोई खास कार्यवाही नहीं की गई और ना ही मेरी पत्नी की तलाश की गई। आज करीब 50 दिन पूर्ण हो चुके है, लेकिन अभी मेरी पत्नी को थाना धरमपुर की पुलिस तलाश नही कर पाई है, पुलिस स्टॉफ द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है, जबकि प्रार्थी ने उसके मोबाईल नं. 7869398985 पर आये विभिन्न वाईस मेसेज, वाईस कॉल की जानकारी जिनमे से ज्ञात दो मो.नं. 7662005343 एवं 3025313034 है, तथा फोन.पे व यूपी आई नं. से अज्ञात लोगो द्वारा पैसा ट्रान्सफर करने की मांग की जानकारी भी थाने में सबूत सहित दी है। उक्त अज्ञात लोगो जिन नम्बरों से फोन करते थे, उनकी भी जानकारी भेजें थे। उसकी भी जानकारी पुलिस को दी है। प्रार्थी की पत्नी का मोबाईल सेट रेडमी नारजो था, जिसमे जीओ कंपनी की सिम पड़ी थीए जिसका मो.नं. 8827201592 भी धरमपुर पुलिस को बताया था, जिसके आधार पर थाना धरमपुर पुलिस ने मेरी पत्नी की लोकेशन दिल्ली में बतायी थी व धरमपुर का पुलिस स्टॉफएसआई मिठ्ठूलाल कोल को दिल्ली लेकर गया था। जहां पर पहाडगंज थाने के अन्तर्गत बंसत होटल में पत्नी की लोकेशन मिलना पुलिस को बताया था। जिसकी सूचना पहाडगंज नई दिल्ली थाने में देकर उक्त बसत होटल 31 अक्टूबर 2023 को पहुंचने पर पता चला कि मेरी पत्नी रश्मि लोध को कही अन्य भेजा जा चुका है। तब पुलिस ने शक के आधार पर होटल के मैनेजर दिलखुश आलम उर्फ डीके पिता मोहम्मद जाफिर निवासी बसंत रोड नई दिल्ली व होटल मालिक के लडके अभिषेक राय पिता रिषी नारायण सिंह निवासी चुनार जिला मिर्जापुर को सुबह तथा शाम को वेटर परवेज आलम खान निवासी राजस्थान, फरियाज खान निवासी झारखंड से पुंछताछ की तो पता चला कि रश्मि को बसंत होटल दिल्ली में 16 दिन होटल मालिक द्वारा रखा गया था, यह भी पता चला कि उक्त होटल मालिक के दो अन्य होटल भी है। जिनमे महिलाओ का अपहरण करके लाया जाता था व उनसे देह व्यापार कराया जाता था। तथा थाना पहाडगंज पुलिस ने उक्त होटल में हम लोगो के पहुंचने से पहले ही सूचना दे दी थी, जिस कारण रश्मि को होटल से गायब कर दिया गया था व परवेज के पास मेरी पत्नी का मोबाईल सेट बरामद हुआ था, सिम नही थी, जो पुलिस ने ले लिया था। और फिर मुझे दे दिया था, लेकिन परवेज आलम व होटल मालिक व अन्य आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार नही किया ना ही आज तक कोई कार्यवाही की है। उक्त चारो लोगों की बांत अनुसार होटल मालिका का लडका अभिषेक राय रेल्वे स्टेशन से कही छोड आया था। उक्त सबूत के आधार पर संबंधितो पर कडाई से कार्यवाही की जाये तो मेरी पत्नी बरामद हो सकती है।

# कांग्रेस प्रत्याशी टंडन ने जताया आभार, कहा-ईव्हीएम स्वीकार नहीं



**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की मतगणना के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन ने कहा कि जनता ने जो निर्णय दिया वह स्वीकार है किंतु ई.व्ही.एम. का निर्णय स्वीकार नहीं वह मतदाताओ के आभारी है कि उन्होंने इतना स्नेह दिया वह जिस प्रकार जनता की सेवा करते आये है और निरंतर करते रहेगें उन्होनें कहा कि जब तक ई.व्ही.एम. से चुनाव होगे लोकतंत्र की हत्या इसी प्रकार होती रहेगी। यह देश के लिये हानिकारक है विकासशील देश भी बैलेट पेपर से चुनाव कराते है तब भारत देश में क्यों नही। कुछ ही समय बाद लोकसभा चुनाव होना है उनकी मांग है कि वह बैलेट पेपर से कराये जाये। उन्हें अदेशा है कि ई.व्ही.एम. मशीन में लगने वाले चिप मैनुपुलेट की जाती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि लाड़ली बहना तो बहना है भाजपाईयो का तो एक ही मकसद है कांग्रेस को हराना है उन्होंने मप्र की विधानसभा की वह प्रत्येक सीट चिन्हित की थी जिसको ई.व्ही.एम. में कांग्रेस पार्टी के किस व्यक्ति को हराना है और स्वयं की पार्टी में किसको निपटाना है उन्होनें कहा कि राजस्थान मंत्री कांग्रेस सरकार लाड़ली बहनों को 2000 रूपये और गैस सिलेण्डर 500 में दे रही थी उसके बाद भी वहां उलटफेर होना चुनाव में बेहद शंका पैदा करता है। इस अवसर पर सतीश जैन, कमलेश उपाध्याय, हाकम सींग, प्रदीप खटीक, प्रजु यशोधरण, पवन गुप्ता, अजय सरवरिया, वीरेन्द्र सिंह, अरूण मिश्रा ने भी कहा कि बहुत लंबा खेला हुआ है। डाक मतपत्रो में कांग्रेस का जीतना और ई.व्ही.एम. में हारना ई.व्ही.एम. जो गुजरात से आई थी वह मैनुपुलेट होकर आई थी।

# लोधी को दूसरी बार प्रचंड बहुमत से विजय मिलने पर जीत का जश्न मनाया



**दमोह देशबन्धु।** ग्राम पंचायत हिनौती खेत सिंह में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र सिंह लोधी को दूसरी बार प्रचंड बहुमत से विजय प्राप्त करने पर हनुमान मंदिर में जीत का जश्न मनाया गया। वहीं परशुराम द्विवेदी के द्वारा मीठा बांटा गया एवं आतिशबाजी की गई । इस दौरान प्रेमलाल द्विवेदी, साहबसिह, मदन, सिह, भुपत, सिह, महीप सिह, रतन, सिह, निरन, सिह, कैलाश, सिह, शक्ति केंद्र प्रभारी भोपाल सिंह ठेकेदार बालमुकुंद लोधी युवा मोर्चा नोटहा (मंडल मंत्री)बुथ अध्यक्ष पंडित एवं समस्त ग्राम वासियों की मौजूदगी रही।

## कुएं में डूबने से वृद्ध की मौत

दमोह देशबन्धु। जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुएं में डूबने से वृद्ध की मौत हो जाने पर पुलिस ने पहुंचकर करवाई शुरू कर जांच शुरू कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंडोरिया थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर पंकज शर्मा ने घटनास्थल पहुंचकर बताया कि मृतक रघुनाथ पिता दानसिंह राजपूत उम्र 58 वर्ष निवासी भौरखेड़ा की कुंए में डूबने से मौत हो गई हैं। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव का पीएम परीक्षण करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

## अज्ञात कारण से महिला की हुई मौत

दमोह देशबन्धु। दमोह देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात कारण से महिला की हुई मौत। प्राप्त जानकारी अनुसार गीता पति इमरत अहिरवार उम्र 23 वर्ष नवविवाहिता निवासी पिपरिया चंपत की अज्ञात कारण से मौत हो गई। पुलिस ने पहुंचकर मृतिका के शव का पंचनामा भरकर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कार्रवाई करवाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कथावाचक किशोरी ने श्रीराम की बाल लीला का सुनाया प्रसंग



**दमोह देशबन्धु।** मागंज वार्ड नं पांच में चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा में कथावाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग ने भगवान श्रीराम की बाल लीला का वर्णन किया। किशोरी ने बताया कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान और श्रृंगार करा कर झूला पर सुला दिया और स्वयं स्नान कर अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गई। जब वह पुनः लौट कर पूजा स्थल पर आई तो उन्होंने देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य शिशुरूपी भगवान राम भोजन कर रहे हैं। जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्री राम को झूले पर सोते पाया। इस तरह पूजा स्थल और झूला के पास उन्होंने कई चक्कर लगाया और दोनों जगह पर उन्होंने श्रीराम को पाया। इस दृश्य को देखकर कौशल्या डर गई और कांपने लगी। माता की अवस्था देख श्री राम ने माता को अपना रूप दिखाकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। भगवान का विराट रूप देखकर कौशल्या माता प्रफुल्लित हो उन के चरणों पर गिर पड़ी। इस दौरान गायक खेमचंद्र अठया मंडली द्वारा भजन सुना कर श्रद्धालुओं का मन मोह रहे थे। इस मौके पर राजकुमार पाठक, राघवेंद्र ठाकुर, सौरव रैकवार चेतन सिंह,, संजू पेंटर, मोहन अठ्या, पिंकू यादव, शिवा, यादव, रिंकू यादव निशांत तिवारी, पहलाद पटेल, अन्य श्रोतागण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री की जीत पर की आतिशबाजी, बांटी मिठाई



**भेरून्दा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की ऐतिहासिक जीत पर नगर में जमकर जश्न मनाया और आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र में इस बार के चुनाव में एक लाख पार का नारा दिया था वही जनता ने कर दिखाया। उन्होंने 104974 मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई। शिवराज सिंह चौहान छह बार विधायक एवं पांच बार सांसद रह चुके है लेकिन इतने अधिक मतों से पहली जीत मिली। इस जीत का सबसे ज्यादा श्रेय महिलाओं का रहा। पहले महिलाएं मतदान के लिए निकलती नहीं थी लेकिन इस बार लाड़ली बहना योजना मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए संजीवनी साबित हुई।

## प्रतियोगिता में खेलने उमरिया रवाना

**सरोंज, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय शालेय अंडर-19 हॉकी प्रतियोगिता 5 से 9 दिसंबर तक उमरिया मैं आयोजित हो रही है जिसमें भाग लेने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी नंदनी त्यागी, राधिका सेन, शिवानी, मुस्कान और सीएम राइज स्कूल के छात्र जैब खान, रविंद्र कुशवाहा, गौरव प्रभाकर एवं ईशान अली शाह का चयन किया गया है। आज सुबह यह सभी प्रतियोगिता में भाग लेने सिरोंज से रवाना हुए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार सोनी, स्कूल के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, सोनू श्रीवास्तव खेल शिक्षक शान मियां,जमशेद खान, केशव शर्मा, प्रगति केवट, दीक्षा शर्मा एवं संस्था के समक्ष स्टाफ और नगर के खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## प्रसाद, बोस की जयंती मनाई

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** नारायण सदाशिव पिंगल सेवा संस्थान द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी श्रीवास्तव के मुख्य अतिथि में एवं अधिवक्ता सुभाष ताम्रकार, राजकुमार बजाज, राजेश सक्सेना, संजीव शर्मा विजय अरोड़ा एवं दिव्यांग लख्खू यादव की उपस्थिति में डॉ.राजेंद्र प्रसाद , खुदीराम बोस की जयंती और मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में अधिवक्ता राजेश सक्सेना ने सभी लोगों का तिलक लगाकर एवं पुष्प हार पहनाकर सभी को सम्मानित किया। वरिष्ठ समाज से भी सुनील बाबू पिंगल ने राजेंद्र प्रसाद, खुदीराम बोस, मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें देश का महान सपूत निरूपित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी श्रीवास्तव ने समिति द्वारा आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि देश के महान व्यक्तियों से हमें प्रेरणा लेना होगा। कार्यक्रम को अधिवक्ता सुभाष ताम्रकार राजकुमार बजाज एवं पंडित संजीव शर्मा दिव्यांग, यादव एवं विजय अरोड़ा ने भी संबोधित किया। इस दौरान पर बबलू वैभव सक्सैना, पारस राठौड़ सहित अन्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी बधाई

**रायसेन, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे ने विधानसभा चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में लगे पुलिस बल, एसएएफ एवं सशस्त्र सुरक्षा बल को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने में निर्वाचन अमले ने अपने दायित्वों का पूरी गंभीरतापूर्वक निर्वहन किया है।

# योजनाओं से प्रभावित होकर जनता ने भाजपा को जीत दिलाई: प्रभुराम

### जिला भाजपा कार्यालय में मना जीत का जश्न, डॉ. चौधरी का किया जोरदार स्वागत







**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में सांची विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक डॉक्टर प्रभुराम चौधरी की जीत की खुशी में नगर भाजपा मंडल द्वारा जिला भाजपा कार्यालय के सभागार में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला भाजपा कार्यालय के सामने जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं नगर मंडल अध्यक्ष जीतू आदित्य शर्मा के नेतृत्व में जीत की खुशी में ढोल नगाड़े के साथ जोरदार आतिशबाजी चलाकर जश्न मनाया गया वहीं नवनिर्वाचित भाजपा विधायक डॉ.चौधरी की अगवानी करते हुए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि सांची विधानसभा क्षेत्र में मुझे जो ऐतिहासिक विजय दिलाई इसका श्रेय केन्द्र, प्रदेश, जिला भाजपा नेतृत्व और मेरे क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं को जाता है जिन्होंने रात दिन एक कर कठिन मेहनत कर मुझे 45 हजार मतों से विजयश्री दिलाई। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आपने सांची क्षेत्र से मुझे ऐतिहासिक जीत दिलाई है उसी प्रकार से मैं अपने संकल्प को दोहराते हुए कि संपूर्ण मध्य प्रदेश में सांची विधानसभा क्षेत्र को विकसित क्षेत्र बनाया जाएगा। विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं रखी जाएगी आपकी ओर से क्षेत्र की जनता की भावना के अनुरूप क्षेत्र की सेवा करूंगा और ज्यादा से ज्यादा विकास क्षेत्र में हो इसके लिए जी तोड़ प्रयास करूंगा। डॉक्टर चौधरी ने कहा कि हमारी केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश की सरकार की जनहित कार्य योजनाओं के कारण हमें इतनी बड़ी सफलता पूरे प्रदेश भर में मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली और कार्य योजनाओं की वजह से भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। लाड़ली बहना योजना, किसान सम्मान निधि योजना, गरीब कल्याण के लिए आवास योजना, सर्वांगीण विकास जैसी महत्वपूर्ण कार्य योजनाओं से प्रभावित होकर क्षेत्र की जनता ने प्रचंड बहुमत से विजयश्री दिलाई है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि जिले में भाजपा की ऐतिहासिक जीत हुई है जिसके लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान द्वारा चलाई गई कार्य योजनाओं से लाभान्वित होकर जनता ने भाजपा के प्रत्याशियों को विजयश्री दिलाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उन्होंने सांची, उदयपुरा एवं भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को भारी बहुमत से विजयश्री दिलाने पर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए दिए गए योगदान के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा प्रचंड बहुमत सांची विधानसभा क्षेत्र की जनता ने दिया है इसके अलावा दूसरे नंबर पर उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने और तीसरे नंबर पर भोजपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने हमारे प्रत्याशियों को भारी बहुमत के साथ जीतकर विधानसभा में पहुंचाया है, वास्तव में जिले में पार्टी की ऐतिहासिक जीत दर्ज हुई है। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह कुशवाह ने भी विचार व्यक्त करते हुए भाजपा के मौजूद सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत के लिए उन्हें बधाई देते हुए धन्यवाद दिया वही कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन धीरेंद्र सिंह कुशवाह ने किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता राकेश तोमर ने किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह वर्मा, मलखान सिंह मीणा, जमना प्रसाद सेन, कन्हैया लाल सूरमा, बृजेश चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष जीतू आदित्य शर्मा, लीला किशन मीणा, श्री बघेल, राजेंद्र सिंह राठौर, ओपी सोनी, राजेश पंथी, चंदू रघुवंशी, देवेंद्र यादव, अखिलेश सोनी, दीपक पंड्या, सहित भाजपा के सैकड़ो पदाधिकारी एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुलाब मय हुआ सागर शहर, गोपाला जय गोपाला, गुलाब बाबा गोपाला





**सागर, देशबन्धु।** बहुप्रतीक्षित गुलाब बाबा चरण पादुका पालिका शोभायात्रा का सोमवार को सागर वासियों ने पावड़े बिछाकर, फूलों की बरसात कर, जगह-जगह आरती, सेवा-सत्कार, स्वागत कर श्री गुलाब बाबा मंदिर सागर के 16वें वार्षिक उत्सव की इस शोभायात्रा को निहारा। भक्तों का सैलाब और वो भी पूर्ण शालीनता, सभ्यता, के साथ धार्मिक जयकारों ने रास्ते के निवासियों को भी अपने में शामिल किया। मंदिर के व्यवस्थापन सहयोगी प्रमेन्द्र गोलू रिछारिया ने बताया कि गुलाब बाबा मंदिर सागर देश भर के गुलाब बाबा भक्तों की आस्था का मुख्य केन्द्र है, इस उत्सव में शामिल होने करीब 2000 भक्त महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों-कस्बों से आये हुये है, साथ ही छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, आंध्रप्रदेश के साथ बुंदेलखण्ड के दमोह, सागर के भक्तों में इस श्रद्धा-भक्ति धारा को और विशाल कर दिया था। पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन के साथ करीब 100 महिला-पुरूष भक्तों की टीम लगभग 2 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा की व्यवस्था संभाले हुये थी, सर्वाधिक आकर्षक वो भक्त रहे जो स्वागत उपरान्त सड़कों पर पडी स्वागत सामग्री को इकट्ठा कर पीछे चल रहे मंदिर ट्रस्ट के टेक्टर में डाल रहे थे, तो साथ चल रही एंबुलेस समस्त दवायें उपकरण-डाक्टरों की टीम के साथ रक्षा में लगी थी। गुलाब बाबा मंदिर ट्रस्ट के सचिव श्याम सोनी ने बताया कि सोमवार को इस यात्रा में लगभग दस हजार भक्तों के साथ श्री विट्ठल भगवान की झांकी, गुलाब बाबा की मुद्रा फोटो, महाराष्ट्र एवं बुंदेलखण्ड की लड़कियों द्वारा लेझम-ढोल ताशा पार्टी, गुलाब बाबा मंदिर की लड़कियों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन, गुलाब बाबा मंदिर का डमरू दल, अत्यंत ही सुंदर गुलाबी पगड़ी एवं गुलाबी दुपट्टा डाले महिला-पुरूष भक्तों द्वारा जगह-जगह गुलाब बाबा के जयकारों से क्षेत्र में सौहार्द्र, धार्मिकता का परिचय दिया।

मंदिर ट्रस्ट के व्यवस्थापन प्रमुख किरण पारासरे ने बताया कि हर वर्ष की तरह पालिकी शोभायात्रा मंदिर के मोक्ष मार्ग दरवाजे से अपने काफिले के साथ सुबह 11.32 पर निकली और अपने निर्धारित मार्ग से होकर संध्याकालीन बेला में मंदिर के प्रमुख प्रवेश द्वार पर स्वागत-पाद प्रक्षालन-आरती के साथ प्रवेश हुई। प्रवेश के समय महिला भक्तों द्वारा नृत्य प्रदर्शन के साथ उत्सवी माहौल ने संपूर्ण परिसर को नृत्यमय बना दिया। मंदिर अध्यक्ष डॉ. भरत आनंद वाखले ने बताया कि प्रात: 11 बजे से प्रसादी भंडारा अनवरत् चालू है, जिसमें हजारों भक्त रात्रि 9 बजे तक शामिल हुये। रायपुर से सुंदरानी फिल्म के प्रमुख एवं श्री बाबाजी के पुराने सक्रिय भक्त लकी सुंदरानी, टाकरखेड़ा समाधि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल उमक, काटेल धाम मंदिर अध्यक्ष नंदु पालनदुंकर, मुंबई के राजू भैया, विधायक शैलेन्द्र जैन ऐसे अनगिनत भक्तों ने आज इस शोभायात्रा में अपनी परिवार-भक्तों-मण्डलियों-ट्रस्टों के साथ सहभागिता की। ज्ञात हो कि मंदिर में हर वर्ष 4-5 दिसम्बर के इस उत्सव में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाता है, उसी के तहत सोमवार को प्रसिद्ध भजन गायक अरूणमणी त्रिपाठी जूनियर लख्खा की भजन संध्या का आयोजन रात्रि 8 बजे से आरंभ हुआ। मंदिर परिसर के अंदर संचालित समस्त व्यवस्थाओं में मंदिर भक्तों की टीम अनवरत् चौबीसों घण्टे सेवा में लगी हुई है। आज विशाल महाप्रसादी भंडारा का आयोजन सुबह 11.32 से रात्रि 9 बजे तक होगा जिसमें लगभग 70-80 हजार भक्त पूर्ण सम्मान के साथ बैठकर भंडारा ग्रहण करेगें एवं सुबह 11 बजे से बुन्देली भजन प्रतियोगिता है पश्चात् रात्रि में स्व. विनोद अग्रवाल के साथी धीरज बावरा मेरो प्राणधन राधा रानी वृंदावन वालों की भजन संध्या होगी। पश्चात् मध्य रात्रि चरण पादुकाओं को गुलाब पीठ से मंदिर परिसर के अंदर लाकर आरती उपरान्त वार्षिक उत्सव का समापन होगा। संपूर्ण व्यवस्थाओं के सफल संचालन हेतु ट्रस्ट की ज्योति जिमी अलमेड़ा विभिन्न टीमों के माध्यम से 9 दिवसीय इस आयोजन की व्यवस्था संभाल रही है।

## नवनिर्वाचित विधायक ने स्कूली छात्राओं एवं क्षेत्रवासियों से की मुलाकात



**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार सोमवार को प्रथम दिन आबार माता मंदिर पहुंचकर माता जी के श्रीचरणों में स्पर्श करते हुए आर्शिवाद लिया इसके पहले सिद्ध क्षेत्र श्री चंडी माता मंदिर रुके जहां मां चंडी माई का आर्शिवाद लिया व सरस्वती शिशु मंदिर चंडी माता के छात्र-छात्राओं से मुलाकात की, स्कूली आचार्य जी ने विधायक वीरेन्द्र सिंह का फूल मालाओं एवं रोरी से भव्य स्वागत किया। नवनिर्वाचित विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी के मां आबार माता मंदिर जाते समय क्षेत्र के नागरिकों ने जगह-जगह स्वागत किया। विधायक श्री लोधी ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक में नही आप लोग बने है आप लोगों ने मुझे विश्वास के साथ वोट देकर जो आर्शिवाद दिया में उसे कभी नही भुला सकता, विकास के मामले में कोई कमी नही रखूंगा।

## भूपेन्द्र सिंह की जीत का मना जश्न, जमकर हुई आतिशबाजी



**मालथौन, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी एवं मंत्री भूपेन्द्र सिंह की बम्पर जीत का जश्न मालथौन नगर में जमकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया। रविवार शाम को बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और गुलाल उड़ाकर ढोल ढमाकों पर जमकर देर रात थिरके। सोमवार को खिमलासा रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मंत्री सिंह बड़ी जीत पर हर्ष जताया।

## भाजपा कार्यालय में रहा जश्न का माहौल, दी जिला अध्यक्ष को बधाई



**सागर, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली बंपर जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह व्याप्त हैं जिले भर से उत्साहित कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय पहुंचकर जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया को बधाई दी एवं ढोल बाजों की धुन पर जमकर डांस कर जीत का जश्न मनाया और एक दूसरे को जीत की मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर सुखदेव मिश्रा, देवेंद्र कटारे, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, रीतेश मिश्रा, मनीष चौबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### पालकी यात्रा का स्वागत किया

**सागर, देशबन्धु।** संत गुलाब बाबा जन्मोत्सव पर आयोजित चरण पादुका यात्रा का राधा तिराहा पर एकता समिति ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। समिति संस्थापक रशीद भाई, चंपक भाई जैन ने गुलाब बाबा पालकी में चरण पादुका पर पुष्पहार एवं प्रसाद चढ़ाकर नमन किया। समिति के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर मिष्ठान प्रसाद का वितरण किया।

## जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने मतदाताओं के प्रति आभार जताया

**सागर, देशबन्धु।** सागर विधानसभा चुनाव में परिणाम में कांग्रेस की पराजय होने पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने मतदाताओं के निर्णय को शिरोधार्य करते हुए कहा कि मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के लिए मतदान किया है उनके प्रेम और विश्वास के प्रति हम आभारी हैं। साथ ही कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने पूरे समर्पण भाव से कांग्रेस के लिए काम किया है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने पूरी ईमानदारी से जनता के हितों की लड़ाई लड़ी है। लेकिन परिणाम कांग्रेस के विपरीत आए हैं। हम हार को जनता का निर्णय मानते हुए स्वीकार करते हैं। कांग्रेस जनता के हितों की लड़ाई के प्रति कृत संकल्पित है हम स्वस्थ विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। यह चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षा के विपरीत आए हैं हम अपनी हार की संगठन स्तर पर समीक्षा करेंगे। लोकतंत्र में हमारा विश्वास है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे।

## प्रत्येक विद्यार्थी में डॉ. गौर की मेधा का प्रतिबिंब परिलक्षित होना चाहिए: कुलपति

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ का हुआ आयोजन




**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में सत्र 2023-24 में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ का आयोजन स्वर्ण जयन्ती सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की ओर से दिव्यांग विद्यार्थी अंकित ने व्हील चेयर पर बैठकर कुलपति का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया साथ ही कुलपति ने भी नवप्रवेषित विद्यार्थियों के प्रतिनिधि के रूप में अंकित को पुष्प गुच्छ प्रदान कर समूचे विद्यार्थियों का स्वागत किया। स्वागत वक्तव्य देते हुए अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा ने कहा डॉ. गौर के स्वप्नों और विरासत को विश्व भर में पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आप सब के कंधों पर है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि आप भाग्यशाली हैं कि आपको डॉ. गौर की धरती पर उनके स्वप्नों के विवि में अध्ययन करने का अवसर मिला है। आप इस अवसर को परिणाम में बदलते हुए अपनी अकादमिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मेधा को विश्व पटल पर स्थापित कीजिये। यहां के प्रत्येक विद्यार्थी में डॉ. गौर की मेधा का प्रतिविम्ब परिलक्षित होना चाहिए। उन्होंने विवि की अकादमिक गतिविधियों को अधिक सम्यक बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि बड़ी क्षमता का एक भव्य कन्वेंशन सेंटर प्रस्तावित है। जल्द ही बनकर तैयार होगा। विवि विद्यार्थियों के लिए हर तरह की सुविधा मुहैया कराने के लिए तत्पर है। कुलानुशासक प्रो. चंदा बैन ने अनुशासन की महत्ता को मानव जीवन में सफलता के सोपान से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को विवि परिसर में अनुशासन व्यवस्था बनाये रखने में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। प्रो. नवीन कांगो, निदेशक, अकादमिक गतिविधयां ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 के तारतम्य में विवि द्वारा अपनाये गए विभिन्न पाठ्यक्रम संरचनाओं, विषयों के चयन एवं अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। अध्यक्ष, प्रतिपालक परिषद् प्रो. राजेश गौतम ने विवि छात्रावासी सुविधाओं, सांस्कृतिक परिषद् के समन्वयक डॉ. राकेश सोनी ने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, खेल एवं शारीरिक शिक्षा के निदेशक डॉ. विवेक साठे ने विवि में उपलब्ध खेलकूद संबंधी सुविधाओं, डॉ. धर्मेन्द्र सराफ ने राष्ट्रीय कैडेट कोर, डॉ. सुनीत वालिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना के, प्रो. उत्सव आनंद ने छात्रवृत्ति संबंधी विभिन्न योजनाओं, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने पुस्तकालय, प्रो. भागवत ने प्लेसमेंट प्रकोष्ठ एवं डॉ. अभिषेक जैन ने विवि में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष ने किया एवं आभार ज्ञापन डॉ. रजनीश ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक परिषद् की ओर से विद्यार्थियों ने सांगीतिक प्रस्तुतियां दीं।

### गौर समाधि पर कुलपति ने किया पुष्पार्चन

दीक्षारंभ कार्यक्रम के पूर्व विवि के संस्थापक एवं पितृपुरुष डॉ. हरीसिंह गौर की समाधि स्थल पर पहुंचकर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने पुष्पार्चन कर डॉ. गौर को नमन किया। साथ ही प्रभारी कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय ने भी गौर समाधि पर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. चंदा बेन, सुरक्षा अधिकारी डॉ. हिमांशु कुमार, समर्थ दीक्षित, प्रवीण राठौर एवं अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

## गुलाब बाबा की पालकी यात्रा का सेवादल ने किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** गुलाब बाबा की वार्षिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पालकी यात्रा निकाली गयी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई शहर के ह्रदय स्थल तीनबत्ती पहुंची, जहां शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने यात्रा का पूर्ण भक्तिभाव से भव्य स्वागत किया। पालकी में विराजमान गुलाब बाबा की सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे द्वारा पूजा अर्चना की गयी। सेवादल परिवार की तरफ से पालकी यात्रा में शामिल सभी भक्त गणों का पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया। स्वागतकर्ताओं में नितिन पचौरी, लल्ला यादव, अंकुर यादव, रवि जैन, बाबू घोषी, तरूण सैनी, केडी शुक्ला आदि सेवादल परिवार जन उपस्थित रहे।

## बीना में 25 साल बाद कांग्रेस की निर्मला सप्रे ने मारी बाजी, माना मतदाताओं का आभार



**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में कई चौंकाने वाले परिणाम सामने आए हैं। जिसमे बीना मे 25 सालों के बाद कांग्रेस ने अपनी जीत दर्ज कराई है। जिसके बाद सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने विजय जुलूस निकाला। बीना विधानसभा जो भाजपा का गढ़ मानी जाती है। इस बार कांग्रेस की निर्मला सप्रे ने बाजी मारी है। सोमवार को गाजे बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला। नगर के कटरा मंदिर से शुरू हुआ जो नगर के अंबेडकर तिराहा, सर्वोदय चौराहा, कॉलेज तिराहा, गांधी तिराहा, बड़ी बजरिया, महावीर चौक सहित अन्य प्रमुख मार्गो से निकाला जा रहा है। सभी जगहों पर आतिशबाजी कर जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस की लंबे समय के बाद हुई जीत की खुशी हर कार्यकर्ताओं में साफ देखने को मिल रही थी। विधायक बनने के बाद विजय जुलूस में शामिल निर्मला सप्रे सड़क पर पैदल चलकर मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुई नजर आई।

जीतने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी निर्मला सप्रे ने कहा कि बीना विधानसभा के सभी सम्मानित मतदाताओं और कांग्रेस पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता जो एक होकर काम किया है उन सभी के लिए मैं धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से मानिये 25 वर्षों में जो विकास कार्य नहीं हुए हैं, जैसे कि सरकारी अस्पताल में जहां डॉक्टरों की कमी है। शिक्षित युवाओं को बेरोजगारी की समस्या है। अन्य जो भी विकास की योजना है। जो कि धरातल पर नहीं है। उन सब को लेकर मैं लाऊंगी और बीना जिला बनाने का सबसे बड़ा मुद्दा हमारा है और मेरी सोच भी है। सत्ता में कांग्रेस पार्टी नहीं है लेकिन मैं पुरजोर यह मुद्दा उठाऊंगी और लड़ती रहूंगी। जब तक की बीना जिला ना बन जाए।

### प्रधानमंत्री की सभा के बाद भी नहीं जीत सकी भाजपा

आचार संहिता लगने के पहले 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीना आए। यहां उन्होंने 50 हजार करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास किया। जिस क्षेत्र में नरेंद्र मोदी पहुंचे, वहां हड़काल खाती की पोलिंग भी भाजपा हार गई। इसके बाद 19 सितंबर को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सभा को संबोधित किया। इसी के साथ भाजपा प्रत्याशी महेश राय को जिताने मंडीबामोरा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भानगढ़ में प्रहलाद पटेल ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इसी के साथ खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी बीना में नव मतदाता सम्मेलन में शामिल हुए। खिमलासा में मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मोर्चा संभाला। बाबजूद इसके बीना की जनता ने महेश राय को नकार दिया।

### स्वयं का वार्ड भी नहीं जीत सके विधायक

भाजपा प्रत्याशी और दस सालों से विधायक महेश राय शिवाजी वार्ड में रहते हैं। लेकिन वह स्वयं का वार्ड भी नहीं जीत सके। शिवाजी वार्ड के दो पोलिंग बूथों पर कांग्रेस प्रत्याशी को 820 तो भाजपा को 728 वोट मिले हैं। दो पुलिंग बूथों में से 115 पर पर भाजपा की जीत हुई। लेकिन दूसरी से हार मिली है।

## डॉ. गौर की विरासत की वैश्विक पहचान हेतु बनेगा भव्य गौर हेरिटेज सेंटर: कुलपति

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संस्थापक के नाम पर विवि में भव्य गौर हेरिटेज सेंटर बनेगा। गौर हेरिटेज सेंटर और गौर पीठ समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक में कुलपति प्रो. नीलिमा ने दोनों ही समितियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. गौर का साहित्य, विधि, समाज सेवा सहित कई क्षेत्रों में विस्मरणीय योगदान एवं विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए आने वाली पीढियां उनके कार्यों से परिचित हो सकें, उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतार सकें, उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करते हुए अपने जीवन के व्यापक उद्देश्यों में सफल हो सकें, इसके लिए डॉ. गौर की जीवटता और अपने सपने को साकार करने की जीवटता से परिचित होना आवश्यक है। बैठक में भारत सरकार एवं मप्र सरकार के संस्कृति मंत्रालयों को भेजे जाने हेतु प्रस्ताव पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न अकादमिक विभाग भी डॉ. गौर पर केन्द्रित शोध कार्य करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नई संरचना में स्नातक एवं स्नातक पाठ्यक्रमों



में उनके जीवन एवं उनके योगदान से सम्बंधित ओपन इलेक्टिव पाठ्यक्रम भी शुरू किये जायेंगे।

गौर पीठ के तहत कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने बताया कि अब तक चार विशेष व्याख्यान, दो संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है। उन्नत भारत अभियान एवं गौर पीठ के संयुक्त तत्वाधान में भी कई कार्यक्रम संचालित किये गए हैं। डॉ. गौर की स्मृतियों को सहेजने की दिशा में कई प्रयास किये गये जा रहे हैं। उनकी रिकॉर्डिंग इत्यादि इकट्ठे किये जा रहे हैं। डॉ. गौर के साथ जिनकी यादें जुड़ी हैं उनसे बातचीत कर उनकी रिकॉर्डिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि कि डॉ. गौर पर केन्द्रित प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किये जायेंगे जिसके लिए प्रस्ताव तैयार है।

### गौर पीठ के तहत दान दाताओं के साथ होगा संवाद कार्यक्रम

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के निर्देश पर गौर पीठ के तहत विवि में संचालित गौर पीठ के तहत जनवरी में दान दाताओं के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। इसमें उन दान दाताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा जिनके सहयोग से विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के साथ आगामी योजना के तहत नागपुर विवि एवं दिल्ली विवि के साथ एमओयू भी होंगे। इसी क्रम में देश एवं विदेश में विवि से संबंधित विभिन्न लोगों से समन्वय स्थापित कर डॉ. गौर चैप्टर शुरू किये जायेंगे।

### केंद्रीय पुस्तकालय के सभागार में बनेगा भव्य गौर साहित्य संग्रहालय

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय के सभागार में वृहद् स्तर पर गौर साहित्य संग्रहालय बनेगा। इसमें डॉ. गौर द्वारा लिखित एवं उनसे सम्बंधित साहित्य प्रदर्शन हेतु रखा जाएगा। कुलपति ने इस बारे में निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थी एवं अतिथि संग्रहालय का अवलोकन कर सकेंगे। इसमें डॉ. गौर से संबंधित फिल्म एवं वृत्तचित्र का प्रदर्शन भी होगा। साथ ही उनके साहित्य अध्ययन हेतु बैठक व्यवस्था भी रहेगी।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।